www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

जीवन में ज्यादा रिश्ते ज़रूरी नही हैं, पर जो रिश्ते हों उनमें जीवन होना ज़रूरी है।

आज बेबाक

जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर जब चुनाव नहीं लड़ा जाता तो सड़ी सी बात भी चुनावी मुद्दा बना दी जाती है। इसे उठाने वाले राजनीतिक दलों के नेता मीडिया में भले ही सुर्खिया बटोर लें लेकिन ऐसे वाहियात मुद्दे वोट कबाड़ने में कारगर सिद्ध नहीं होते। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में ओवैसी अब हिजाब को मुद्दा बना रहे है और इसके समर्थन में न सिर्फ कसीदे पढ़ रहे है बल्कि भड़काऊ बयानबाजी भी कर रहे है। ऐसे शेखचिल्ली टाईप नेताओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे दिन हवा हुए जब पसीना भी गुलाब हुआ करता था।

सूर्योदय

उदय : 6:59 प्रात:

अस्त : 6:12 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,927,121,810

भारत: 1,402,399,850

बाजार

संसेक्स : 56405.84

निफ्टी: 16842.80

50,510: 48,990 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 63,800 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.31 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	28.3	13.0
बिलासपुर	26.8	11.8
जगदलपुर	29.5	10.6
अंबिकापुर	29.1	08.7

आज का दिवस

एकल जागरूकता दिवस: हर साल 15 फरवरी को 'सिंगल अवेयरनेस डे' यानी 'एकल जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। जो लोग सिंगल यानी अकेले होते हैं वो लोग इस दिन अपने एकाकीपन का जश्न मनाते हैं. इस दिन को 'सिंगल एप्रिसिएशन डे' यानी 'एकल प्रशंसा दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। एकल जागरूकता दिवस मनाने की शुरुआत कब से हुई? इसके बारे में कोई सटीक जानकारी तो नहीं है।

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | मनोरंजन/खेल/ बिजनेस 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 15 फरवरी 2022, शुक्ल पक्ष अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-11 अंक-08 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

खुलेआम कमीशनखोरी! विधायक की उपस्थिति में 2 हजार कमीशन की राशि काटी

■ ग्रामीण सहकारी बैंक का निरीक्षण में पहुंचे विधायक, खुली पोल

यशवंत राजवाड़े

कोरिया-चिरमिरी/नवप्रदेश। सोमवार को मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल चिरमिरी बड़ा बाजार क्षेत्र में स्थित ग्रामीण सहकारी बैंक का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां अव्यवस्था को देख विधायक ने अपनी नाराजगी जाहिर की। वहीं शाखा प्रबंधक समेत कई कर्मचारी नदारद भी मिले। । विधायक को देख मौके पर उपस्थित किसानों ने बैंक कर्मचारियों पर पैसे लेने का आरोप लगाया। कहा कि हमें अपनी धान बिक्री की सही रकम नहीं मिल रही। मात्र 10 हजार रुपए तक ही दिया जा रहा है और जब तक इनको मुंह मांगी राशि नहीं दी जाती तब तक ये लोग हमें पैसे नहीं देते। बैंक कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि खाता बनाने

500 रुपए, खाता प्रिंट करने का एक हजार रुपए एवं भरी गई राशि में दो हजार रुपए कमीशन लिया जा रहा। किसानों की शिकायत पर विधायक ने तत्काल शाखा प्रबंधक को तलब किया, लेकिन वे अनुपस्थित थे। जिस पर विधायक ने एकाउंटेंड से लेकर अन्य सभी कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और सभी के ऊपर कार्रवाई की बात कही। कई ऐसे किसान भी मौके पर मौजूद थे जिन्होंने अपने विड्रॉल फार्म में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मौके पर पहुंची सीएसपी व टीआई

किसानों की उपस्थिति में विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने सीएसपी चिरमिरी पीपी सिंह, थाना प्रभारी कमल कांत शुक्ला को मौके पर बुलाया। जिस पर पीड़ित किसानों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। विधायक ने सीएसपी से कहा कि तत्काल मामले की जांच कर शाखा प्रबंधक एवं जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करें। मौके पर ही जिन किसानों से कमीशन की राशि ली गई उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया।

परिवारवादियों का बस चलता तो यूपी के हर मोहल्ले में 'माफियागंज' बना देते : पीएम मोदी

अकबरपुर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर घोर परिवारवादी होने और माफियाराज को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि परिवारवादियों का अगर बस चलता तो पूरे प्रदेश के हर शहर में एक 'माफियागंज' बना देते।

मोदी ने सोमवार को विधानसभा चुनाव के दौरान कानपुर देहात के अकबरपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सपा का नाम लिये बिना जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'इन लोगों का बस चलता तो कानपुर और कानपुर की तरह ही यूपी के हर शहर में एक मोहल्ला, 'माफियागंज' के नाम से बसा देते।'

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने यूपी के सामर्थ्य के साथ इंसाफ नहीं किया। उन लोगों ने यूपी को दिन रात लूटा और यहां के लोगों को अपराधियों-दंगाइयों-माफियाओं के हवाले कर दिया।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में बीते पांच सालों में अपराधियों के खिलाफ योगी सरकार के सख्त रवैये कारण घोर परिवारवादियों का माफियाराज अब अंतिम सांसें गिन रहा है। मोदी ने आगाह किया कि अगर ये लोग वापस आ गये तो उत्तर प्रदेश में माफियाराज फिर से सांसें लेने लगेगा।

प्रधानमंत्री ने सपा के गठबंधनों कुने की कोशिश करते हैं। ये हर चुनाव में जिस साथी को लाते हैं, चुनाव के बाद हार का ठीकरा उसी पर फोड़कर उसको धक्का मारकर निकाल देते हैं।

गौरतलब है कि कानपुर और बुंदेलखंड के 16 जिलों की 60 सीटों पर तीसरे चरण के चुनाव में 20 फरवरी को मतदान होगा। इस दौरान कानपुर, कानपुर देहात के अलावा जालौन के विभिन्न विधानसभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस बार उत्तर प्रदेश में रंगो वाली होली 10 दिन पहले ही मनाई जाएगी

उन्होंने जनसमूह से पूछा कि जो साथी बदलते हैं, वो उत्तर प्रदेश का साथ देंगे क्या? मोदी ने कहा कि लोगों ने अवसरवादी गठजोड़ करने वाले इन परिवारवादियों को 2014 में हराया, 2017 में हराया और 2019 में फिर एक बार हराया और अब 2022 में भी ये हारेंगे। चुनाव में भाजपा की जीत का भरोसा जताते हुए मोदी ने कहा, इस बार उत्तर प्रदेश में रंगो वाली होली 10 दिन पहले ही मनाई जाएगी। 10 मार्च को ही जब चुनाव नतीजे आएंगे, धूम-धाम से रंगों वाली होली शुरू हो जाएगी।

परिवारवादी पार्टियां देश और दुनिया के लोकतंत्र पर धब्बा है : अमित शाह

मऊरानीपुर(वार्ता)। गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रचार अभियान में हिस्सा लेते हुये मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) को परिवारवाद पोषक बताया।

शाह ने बुंदेलखंड में झांसी जिले के मऊरानीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए सपा पर जमकर निशाना साधा।शाह ने कहा, ÷परिवारवादी पार्टियां देश और दुनिया के लोकतंत्र पर धब्बा हैं। ये परिवारवादी पार्टियां, उत्तर प्रदेश और देश का भला नहीं कर सकतीं।÷

शाह ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस के कुशासन में भयंकर जल संकट से जूझ रहे बुंदेलखंड को 05 साल में मोदी और योगी सरकार की जोड़ी ने जल संकट से निकालकर यहां की गरीब जनता के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन लाने का काम किया है।

उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर माफियाराज को कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अखिलेश ने 05 साल में गुंडों और माफियाओं से गरीबों की जमीन पर कब्जे करवाये। बाद में योगी सरकार ने 2000 करोड़ रुपये की जमीन पर बुल्डोजर चलाकर खाली करा दिया। उन्होंने सपा और भाजपा सरकारों में अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि अखिलेश ने अपने परिवार के 45 लोगों को अलग अलग पदों पर बैठाया। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनकल्याण की 45 योजनाओं को आपके घर-घर तक पहुंचाया। शाह ने कहा, एक समाजवादी इत्र वाले के पास से ढेरों नोटों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम भूपेश की अध्यक्षता में राजीव युवा मितान क्लब के शासी निकाय का गठन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में राजीव युवा मितान क्लब के शासी निकाय का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 15 से 40 वर्ष आयु के युवाओं के लिए राजीव युवा मितान क्लब योजना शुरू की है, जिसके तहत युवा मितान क्लब बनाये गये है। युवा मितान क्लब के माध्यम से पर्यावरण, खेल और संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में युवा मितान क्लब गठित किये जा रहे है। राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा आदेश जारी कर राजीव युवा मितान क्लब के शासी निकाय का गठन किया गया है। शासी निकाय के अध्यक्ष

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपाध्यक्ष खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल को बनाया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिव डहरिया, लोकसभा सांसद दीपक बैज, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, विधायक देवेन्द्र यादव, विधायक विनय भगत, मुख्य सचिव अमिताभ जैन और अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को सदस्य तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव को पदेन सदस्य सचिव बनाया गया है।

आईपीओ के लिए एलआईसी ने दी पांच प्रतिशत शेयर बेचने की अर्जी

दिल्ली। जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आईपीओ की कीमत तो अभी तय नहीं की गई है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह भारत के इतिहास का सबसे बड़ा सबसे बड़ा इनिशिएल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) साबित होगा.भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी को शेयर बाजार में उतारना देश में निजीकरण की मुहिम को बड़े प्रोत्साहन के रूप में देखा जा रहा है. विशेषज्ञों को उम्मीद है कि इससे सरकार को दस अरब डॉलर यानी पांच खरब रुपये से ज्यादा की कमाई हो सकती है. एलआईसी का आईपीओ मार्च में आने की संभावना है। इसके बाद टीसीएस और रिलायंस की तर्ज पर यह शेयर बाजार में भारत की सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल हो जाएगी. एलआईसी को 1956 में स्थापित किया गया था।

भारत के पीएसएलवी-सी 52 ने ईओएस 04 का सफल प्रक्षेपण

श्रीहरिकोटा (वार्ता)। अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी52) के जरिये चौथे पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-04) का आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।

पीएसएलवी-सी52 ने 25 घंटे की उलटी गिनती के बाद श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्चपैड से सुबह 5.59 बजे अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। यह वर्ष 2022 का पहला लॉन्च मिशन है।

लॉन्च प्राधिकरण बोर्ड ने प्रक्षेपण के लिए रविवार तड़के 4.29 बजे 25 घंटे और 30 मिनट की उलटी गिनती की प्रक्रिया शुरू की। ईओएस-04 के साथ दो अन्य उपग्रहों का भी प्रक्षेपण किया गया, जिन्हें पृथ्वी से लगभग 529 किमी ऊपर सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में रखा गया है। चार चरणों वाले रॉकेट को एक छात्र उपग्रह 'इंस्पायरसैट' और भविष्य के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या पांच लाख से कम हुई

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में उत्तरोत्तर कमी के बीच पिछले 24 घंटे में 34 हजार से अधिक नये मामले सामने आये हैं, जबकि करीब 92 हजार लोगों के स्वस्थ होने से कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 58 हजार से अधिक घटकर 4.78 लाख रह गई है।

देश में रविवार को 11,66,993 लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए। इसी के साथ यहां अब तक 1,72,95,87,490 टीके लगाए जा चुके हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के 34,113 नये मामले दर्ज किये गये हैं और इसी के साथ संक्रमितों की संख्या 4,26,65,534 पर पहुंच गयी है। इस दौरान कोरोना की चपेट में आकर 346 लोगों की मौत हुई है, जिसके बाद मृतकों की कुल संख्या 5,09,011 हो गयी है।

इसी अवधि में 91,930 मरीजों ने कोरोना को मात दी है, जिसके साथ ही संक्रमणमुक्त होने वालों की संख्या 4,16,77,641 हो गयी है। कोविड-19 के सक्रिय मरीजों की संख्या 58,163 घटकर 4,78,882 रह गयी है। मौजूदा समय में देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की दर 1.12 प्रतिशत है। वहीं रिकवरी रेट 97.68 प्रतिशत है। केरल कोरोना के सक्रिय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ज्योतिरादित्य सिंधिया के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस और मजबूत हुई : दिग्विजय सिंह

मुरैनाव (वार्ता)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर ज्योतिरादित्य सिंधिया पर टिप्पणी की। उन्होंने आज कहाकि सिंधिया के पार्टी छोड़कर जाने से कांग्रेस और मजबूत हुई है। राज्यसभा सांसद यह बात मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहाकि 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी फिर से प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी।

कहा-माधवराव सिंधिया से रिश्ते प्रगाढ़: दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधवराव सिंधिया को वह स्वयं और तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह कांग्रेस में लेकर आए थे। इस काम में संजय गांधी की अहम भूमिका थी। दिग्विजय ने यह भी कहा कि उनके और श्री माधवराव सिंधिया के रिश्ते प्रगाढ़ थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दिवंगत कांग्रेस नेता माधवराव सिंधिया के साथ उनके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा की नीतियों पर हमला

इस दौरान दिग्विजय ने केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा की नीतियों पर भी हमला किया। दरअसल मार्च 2020 में अप्रत्याशित और अभूतपूर्व राजनैतिक घटनाक्रम के तहत तत्कालीन कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने समर्थक विधायकों के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस वजह से मात्र 15 माह में ही कांग्रेस की कमलनाथ सरकार का पतन हो गया था। इस घटना के बाद भी दिग्विजय सिंह ने कहा था कि श्री सिंधिया के जाने से कांग्रेस मजबूत हुई है।

गरमा-गरम

पुलवामा आतंकी हमले को तीन साल पूरे

40 शहीदों की कुर्बानी याद कर रहा देश

नई दिल्ली। पुलमामा आतंकी हमले को तीन साल हो गए हैं। आज के ही दिन आतंकियों ने अपनी नापाक साजिश को अंजाम दिया था जिसमें 40 सीआरपीएफ जवानों की जान चली गई थी। पुलवामा अटैक की बरसी पर न केवल सेना ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी बल्कि पूरे देश ने अलग-अलग अंदाज में उन्हें याद किया। बता दें कि 14 फरवरी 2019 को जैश के आतंकियों ने विस्फोटक से भरी गाड़ी जवानों के वाहन से टकरा दी थी। विस्फोट के बाद 40 जवान शहीद हो गए थे।

सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा राजनेताओं ने भी जवानों को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस कुर्बानी को सम्मान देते हुए ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान हर देशवासी को देश की सेवा करने की सीख देता है।' उत्तर प्रदेश के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

9 जिलों की 55 सीटों पर 60.44 प्रतिशत हुई वोटिंग

बरेली। यूपी विधानसभा चुनाव की दूसरे चरण की वोटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। निर्वाचन आयोग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार पांच बजे तक नौ जिलों की 55 विधानसभाओं पर 60.44 प्रतिशत वोटिंग हुई है। हालांकि कुछ जगहों पर अभी वोटिंग जारी है। सोमवार शाम पांच बजे तक वोटिंग का जो आंकड़ा मिला है वह 2017 के आंकड़ों से पांच प्रतिशत कम है। 2017 में दूसरे चरण में 65.53 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था। आंकड़ों का यही हाल पहले चरण के चुनाव में भी देखने को मिला है। पहले चरण में भी 2017 के मुकाबले इस बार वोटिंग कम हुई। वोटिंग पूरी होने के साथ ही मतदाताओं में वोटिंग प्रतिशत कम और ज्यादा के मायने क्या हैं, इसको लेकर भी सवाल कौंधने लगा है। राजनीतिक दृष्टि से कम और ज्यादा वोटिंग प्रतिशत के मायने भी बहुत दिलचस्प माने जाते हैं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार जिस क्षेत्र में वोटिंग कम होती है वहां के प्रत्याशी के प्रति वोटरों में कुछ हद तक विश्वास बरकरार रहता और जहां वोटिंग प्रतिशत ज्यादा होता है, वहां जनता बदलाव में मूड में है ऐसा माना जाता है।

पीएम मोदी की पंजाब विजिट से पहले फिर रार

चन्नी के हेलिकॉप्टर को नहीं मिली उड़ान की इजाजत

चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के हेलीकॉप्टर को सोमवार को चंडीगढ़ के राजेंद्र पार्क से उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी गई। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मूवमेंट के चलते इलाके में 'नो फ्लाई जोन' लगाया गया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी रैली में शामिल होने के लिए सीएम चन्नी को पंजाब के होशियारपुर जाना था। वहीं पीएम मोदी जालंधर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। फिलहाल राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर को होशियारपुर में उतरने की इजाजत दे दी गई।

होशियारपुर के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस नेता सुनील जाखड़ ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, 'सीएम चन्नी का यहां आना तय था, लेकिन यह शर्मनाक है कि इस सरकार ने चरणजीत सिंह चन्नी को होशियारपुर आने की अनुमति रद्द कर दी। अगर चुनाव आयोग इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

शिवसैनिकों ने किया वेलेंटाइन डे का विरोध और पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजली

कुम्हारी (नवप्रदेश)। सोमवार को स्थानीय शिवसैनिकों द्वारा पुराने कपड़ा मार्केट के पास जीई रोड के किनारे वैलेंटाइन डे का विरोध करते हुए हाथों में पोस्टर लेकर नारे लगाए। इसके पश्चात शिवसैनिकों ने पुलवामा हमले मे शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर विक्की निषाद ने कहा कि 14 फरवरी वैलेंटाइन डे के नाम पर सार्वजनिक स्थलों पर युवक व युवतियां प्रेम का प्रदर्शन करते हैं जो कि हमारी सभ्यता से परे है। शिवसेना पूरे भारत में इसका विरोध करता है। शिवसेना भारतीय संस्कृति के प्रति हमेशा सजग है। विरोध करने वालों में विक्की निषाद, प्रेम सिंह, सोमेश साहू, मनोज साहू, आनद गुप्ता, उमेश धीवर, मनीष चन्द्राकार, हेमंत यादव, राजू यादव, मुकुंद साहू, करण बघेल, कारण सोनकर, अनिल यादव, रोशन सैलिक, रोशन कुमार एवं सागर सैलिक सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

बस सड़क किनारे खम्बे से टकराई, चार घायल

कुम्हारी (नव प्रदेश)। एक यात्री बस सड़क किनारे खम्बे से टकरा गई जिससे बस में सवार चार यात्रियों को चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार सुबह 11 बजे की है सुमीत ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 08 एएन 9909 जो कि रायपुर से दुर्ग की ओर जा रही थी। बस चालक की लापरवाही की वजह से कुम्हारी थाने के सामने सड़क के किनारे लगे खम्बे से जा टकराई जिससे बस में सवार यात्रियों में चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। बस का चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए। इस बात की सूचना घायल महिला कुसुम निषाद ने अपने पति पीलू निषाद को दी पश्चात पीलू निषाद में में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्थानीय पुलिस द्वारा धारा 279 एवं 337 के तहत कार्यवाही कर जांच की जा रही है।

11 स्व सहायता समूह ने शुरू किया बर्तन बैंक

दुर्ग (नव प्रदेश)। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडवी के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत डे- एनयूएलएम अंतर्गत गठन किये गए स्व सहायता समूहों द्वारा वार्ड 1 में पंचशील नगर से गीता महिला स्व सहायता समूह तथा वार्ड 35 से स्वास्तिक महिला स्व सहायता समूह द्वारा वार्ड को प्लास्टिक विहीन बनाने एवं दुर्ग शहर में स्वच्छता का प्रसार करते हुए बर्तन बैंक का गठन किया गया। समूह द्वारा बर्तन बैंक गठन से वार्ड निवासियों को उनके घर में जन्मदिन, शादी विवाह समारोह, मृत्यु भोज तथा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए मार्केट से कम कीमत पर बर्तन किराए पर उपलब्ध कराया जाता है जिससे लोगों को कम कीमत पर तथा अपने ही वार्ड में खाना बनाने व खाना खिलाने का सामान उपलब्ध हो सके। तथा समारोह समाप्ति उपरांत दोना-पत्तल, प्लास्टिक गिलास, प्लास्टिक कटोरी से फैलने वाली गंदगी से अपने वार्ड को स्वच्छ रखा जा सके। समूहों द्वारा मात्र 10 रुपये में 1 सेट बर्तन दिया जा रहा है। जिसमें 1 थाली, 2 कटोरी, 1 गिलास, 2 चम्मच दिया जा रहा है । चूंकि प्लास्टिक दोना-पत्तल का इस्तेमाल करने के बाद उसे बाहर खुले में फेंक दिया जाता है जिससे गंदगी फैलती है जबकि इन बर्तनों के इस्तेमाल से वॉर्डों में फैलने वाले कचरे से मुक्ति मिल सकती है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202202101000036

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22

कुरूद प.ह.नं. 00050 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार - रंजना मैठानी,

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक रंजना मैठानी पति आर.के. मैठानी पता- भिलाई सुपेला द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ, रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 764 कुल रकबा 0.630 हे. में से रकबा 0.009 हे./1000 वर्गफुट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 19/01/2021 को विक्रेतागण, गोकुल पटेल पिता महाराजी पटेल अन्य 16 के तरफ से आम मुख्त्यार खिलेश्वर पटेल पिता नीलकंठ पटेल निवासी कुरूद भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.02.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 01/02/2022 को जारी किया जाता हैं।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

गौठान को स्वालंबन बनाने गौठान मेला का किया गया आयोजन

महिलाओं की दिखी बड़ी भागेदारी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांछी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के तहत काम कर रही महिलाओं व योजना की सफलता हेतु गौठानों में मेले के माध्यम से प्रदर्शिनी का अयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत गत दिवस को जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत पतोरा में गौठान मेला का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की महिलाओं के सामग्री विक्रय व प्रदर्शिनी हेतु गौठान मेला का सफ्लता पूर्वक आयोजन किया गया, महिलाओं द्वारा बनाई गई, विभिन्न सामग्री आकर्षण का केन्द्र थी, महिलाओं द्वारा बनाए गए सेनेटाईजर, फिनाईल, साबुन, अगरबत्ती, झुमर, मशरुम, ब्रोकली व अन्य हरी सब्जियां, दोना पत्तल, पापड़ बड़ी, आचार, गुपचुप, छत्तीसगढ़ व्यंजन आदि को बिहान मेला में स्टाल लगाकर विक्रय किया गया। अपने स्वरोजगार का प्रदर्शन करते हुए महिलाओं ने समान विक्रय कर अच्छी आमदनी अर्जित किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। साथ ही ग्राम पतोरा में बिहान की दीदीयों के सामग्रियों के विक्रय हेतु पंचायत दुकान का लोकार्पण किया गया। जिसमें पंचायत में बन रहे समूह द्वारा विभिन्न सामग्रियों को बेचने रखा जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव थी अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने की, विशेष अतिथि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष जवाहर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र चन्द्रवंशी व ग्राम पंचायत सरपंच अंजीता साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में जय महामाया स्व सहायता समूह, अमीन माता स्व सहायता समूह, नारी शक्ति स्व सहायता समूह, जय मां भगवती स्व सहायता समूह, जय मां कर्मा महिला स्व सहायता समूह, गणेश स्व सहायता समूह, जय मां शीतला महिला स्व सहायता समूह, मिनी माता स्व सहायता समूह, जय मां संतोषी स्व सहायता समूह की दीदीयों ने स्टाल लगाया था व लगभग 12000 रुपये की आमदनी हुई । इसी क्रम में ग्राम पंचायत महुदा में दिनांक 16 फरवरी को गौठान मेला व युवा खेल-कूद का अयोजन का कार्यक्रम रखा गया है। अश्विनी देवांगन सीईओ जिला पंचायत बताते है कि मेले में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा खुद से बनाए, विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्रीयों का स्टाल लगाया गया, जिसमें महिलाओं ने अपने अन्य उत्पाद भी बेचे साथ ही मेले में लोंगों को जैविक खाद भी प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान बिहान से जुडी समूह की महिलाओं की सभी महिलाओं ने गौठानों में ज्यादा से ज्यादा गोधन का वर्मी उत्पादन एवं वर्मी का विक्रय सुनिश्चित किया गया है। गौठान समिति को सक्रिय कर नियमित बैठक की कार्यवाही सुनिश्चित किया। इससे महिलाअें की गौठान गतिविधि में सहभागिता बढ़ी है।

आनंद सरोवर में स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में मीडिया जगत से जुड़े हुए पत्रकार गणों का स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनेक पत्रकार गण सम्मिलित हुए कार्यक्रम के विषय में ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा ने बताया आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर ब्रह्मा कुमारीज का एक अनूठा प्रयास है आजादी के अमृत महोत्सव को अविस्मरणीय बनाने का यह प्रोजेक्ट ब्रह्मा कुमारीज तथा भारत सरकार के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें वर्ष 2022 में 12 मास चलने वाले अभियानों में भारतवर्ष के लगभग ब्रह्माकुमारीज के 4000 सेवा केंद्र सम्मिलित हैं जिसमें 15000 कार्यक्रम के माध्यम से 10 करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है वर्ष भर चलने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में से जैसे मेरा भारत स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत अभियान महिला नए भारत की ध्वजवाहक आत्मनिर्भर किसान बाइक रैली आदि कार्यक्रमों के साथ-साथ ब्रह्मा कुमारीज की मीडिया विंग के द्वारा समाधान परक पत्रकारिता से समृद्ध भारत की ओर विषय पर सेमिनार देशभर में आयोजित किए जाएंगे वर्तमान समय परिस्थितियों को देखते हुए देश में समाधान परक पत्रकारिता की आवश्यकता है समाज में बदलाव लाने तथा समृद्ध भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए मीडिया को अपनी भूमिका प्रमुखता से निभानी होगी मीडिया समाचारों में समस्या के साथ समाधान की भी बात करें तो समाज में बदलाव लाया जा सकता है और जितना हमारे अंदर सकारात्मकता होगी तभी हम समाधान की ओर आगे बढ़ सकते हैं ब्रह्मा कुमारीज दुर्ग की संचालिका ब्रम्हाकुमारी रीटा बहन ने सभा में उपस्थित पत्रकार गणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम आजादी के आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर वर्ष भर चलने वाले इस कार्यक्रम में सभी मनुष्य आत्माओं में आध्यात्मिकता द्वारा आंतरिक शक्तियों प्रेम शांति खुशी का संचार सभी में हो यही हमारा मुख्य ध्येय है।

रंगो से सज रही गलियां

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। फाइव स्टार रैकिंग में पहले पायदान पर आने रिसाली निगम क्षेत्र की महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। महिलाएं स्वच्छता का अलख जगाने ड्रेस कोड में शिवाजी चैक रिसाली पहुंची और चैराहे के आस पास को गंदगी मुक्त रखने का संदेश दिया। वे मानव श्रृंखला की तर्ज पर खड़ी थी। राहगिरों को सुंदर रिसाली बनाने की अपील कर रही थी।

निचली बस्ती में स्वच्छता का संदेश देने के बाद महिलाएं बाजार क्षेत्र में फोकस कर रही है। सोमवार को एकता स्वसहायता समूह, दाई के अछरा, नवा सवेरा व छत्तीसगढ़िया समूह की सद्स्य शिवाजी चैक पहुंची। बाजार क्षेत्र के ऐसे व्यवसायीक प्रतिष्ठानों में पहले पहुंची जहां डस्टबीन नहीं रखा था। महिलाओं ने पहले दुकानदार से संपर्क किया। उन्हें दुकान के सामने डस्टबीन रखने प्रेरित किया। बाद में महिलाएं शिवाजी चैक रिसाली के निकट कतार लगाकर खड़ी हो गई। वे हाथों में तख्ती लेकर लोगों से अपील कर रही है कि चैक चैराहा निगम की सुंदरता है। उसे स्वच्छ रखे।

गलियों में सज रही रंगोली

महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं क्षेत्र में पिछले एक हफ्ते से लोगों से संपर्क कर जागरूक कर रहे है। महिलाएं गली मुहल्लों में रंगोली प्रतियोगिता भी करा रहे है। क्षेत्रीय पार्षद की मदद से पूरे दिन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

प्लेसमेंट एजेंसी पर वेतन में कटौती और पर्ची नहीं दिए जाने का लगाया आरोप

कलेक्टर जनदर्शन में 48 आवेदन प्राप्त हुए

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आज कलेक्टर जनदर्शन में एनयूएलएम के तहत् कार्यरत सामूदायिक संगठकों को प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा वेतन में कटौती एवं वेतन पर्ची प्रदाय नहीं करने की शिकायत कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से की। सामुदायिक संगठकों ने बताया कि वे वर्ष 2016-17 से प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा तब से अब तक वेतन पर्ची नहीं दिया गया है। वर्तमान में 2 महीने से एजेंसी द्वारा 6 हजार 957 रूपए वेतन ही दिया जा रहा है। संगठकों ने बताया कि 2-3 हजार रूपए का पेट्रोल का कार्य में ही खर्च हो जाता है। संगठकों ने कलेक्टर से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निवेदन किया। एसीसी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति कुरूद वार्ड 22 के रहवासियों ने अपनी कॉलोनी को भिलाई निगम को हस्तांतरित करने का आवेदन दिया। कालोनी के रहवासियों ने अपने आवेदन में कहा कि कालोनी का निर्माण किसी बिल्डर के द्वारा नहीं अपितु यहां के सेवानिवृत कर्मचारियों ने आपसी सहयोग से किया है। कालोनी का हस्तांतरण भिलाई निगम को हो जाएगा तो यहां आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के लिए रास्ता आसान हो जाएगा। हाऊसिंग बोर्ड वार्ड क्रं. 26 के रहवासियों ने जलनिकासी के संबंध में नाली निर्माण से संबंधित आवेदन दिया। आज जनदर्शन में बड़ी संख्या में आवेदन फाइनेंशियल कंपनियों द्वारा की गई वादा खिलाफी पर भी आए। कलेक्टर ने कहा कि धोखाधड़ी करने वाली कंपनियों का चिन्हांकन किया गया है। इनपर कड़ी कार्रवाई की जावेगी। जनदर्शन में आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित भी आए इसमें रजिस्टर खसरा की 5 साल की प्रतिलिपि प्रदान नहीं किए जाने संबंधी शिकायत की गई।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202112103800015
अ-20 (3)/2020-21

आवेदक सुभाष बाकलीवाल आ. स्व. घीसूलाल निवासी हटरी बाजार दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 डी प्लाट नं. 147/5 का टु. क्षेत्रफल 38.62 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता घीसूलाल आ. महाबगस जैन ने पंजीकृत बैनामा दिनांक 06.04.2002 द्वारा क्रय किया है। आवेदक के पिता घीसूलाल की मृत्यु दिनांक 16.11.2010 हो चुकी है तथा उनके वारिसान उनकी पत्नी श्रीमती मैना देवी पुत्र कैलाशचंद, सुभाष, पुत्री तारा, प्रमिला है। आवेदक द्वारा क्रेता के मृत्यु उपरांत उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रय शुदा भूखंड पर उनके वारिसानों के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.01.2022 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202201101200042

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनसाय साहू स्व. आरती राम साहू निवासी विनायकपुर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम विनायकपुर तह. व जिला दुर्ग खसरा नं. 769/2 का टुकड़ा रकबा 0.08 लगान 0.21 पैसा दिनांक 21/03/1969 बैनामा कीमत 800 रूपए में क्रय कर कब्जा में होकर मकानात आंगन परछी है। उक्त वर्णित बैनामा कीमत 800 रूपए रजिस्ट्री पत्र से संशोधन पंजी क्रमांक 351/04 सन् 1969 दिनांक 03/10/1969 अनावेदकगणें का नाम विलोपित होकर आवेदक का नाम दर्ज किए जाने की आदेश है। पटवारी कार्यालय में माह अक्टूबर 2021 को बैनामा कीमत 800 रूपया दिखाते हुए ऋणपुस्तिका प्राप्त करने के लिए कहा गया जानकारी उल्बध हुआ कि बंदोबस्त के समय गलती हो गया है। पटवारी कार्यालय में माह अक्टूबर 2021 को बैनामा 800 रू. दिखाने पर यह भी जानकारी दिया कि बंदोबस्त के दौरान गलती हो गया और आज दिन नया ख.नं. 1043 है, दस्तावेज प्रस्तुत है आवलोकनार्थ जिसमें रामेश्वर साहू पिता सुखराम साहू का नाम बताया जा रहा है, जिसका कास्तकारी भूमि आवेदक के मकान से लगा हुआ है। जानकारी भी प्राप्त हुआ कि उक्त जमीन का अंशभाग टुकड़ा खरीदा है, परन्तु बंदोबस्त के समय गलती होकर नाम दर्ज हो गया है। आवेदक ग्राम विनायकपुर तह. व जिला दुर्ग पुराना ख.नं. 769/2 का टु. रकबा 0.08 लगान 0.21 पैसा बंदोबस्त होने के बाद नया खसरा नं. 1040 के अंशभाग टुकड़ा आवेदक का मकान आंगन परछी बना हुआ है। निर्विवाद है, कोई विवाद नहीं है, परन्तु अभिलेख त्रुटि होने से सुधार किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 17/02/22 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/01/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 507/2021-22

वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ला-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/159 कटोरा तालाब जो कि निगम अभिलेख में श्री सर्वानंद, मुकेश, कैलाश, महेन्दर कुमार मंधान के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सर्वानंद मंधान पिता हप्पोमल मंधान ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-04, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 508/2021-22

वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ला-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/50/107 पेंशनबाड़ा जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती शांति देवी सिहानी पति स्व. रावलदास के नाम से दर्ज है, जिसको श्री चन्द सिहानी पिता उत्तमचंद सिहानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-04, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 509/2021-22

वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ला-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/107 पेंशनबाड़ा जो कि निगम अभिलेख में श्री घनश्याम सिहानी पिता रावलदास सिहानी, श्रीमती शांति देवी सिहानी पति रावलदास सिहानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री राजेश सिहानी वल्द टोलुराम सिहानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-04, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 510/2021-22

वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ला-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/34/286/01 कटोरा तालाब जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती ज्योति सिहानी पति परसराम सिहानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री राजेश सिहानी पिता टोलुराम सिहानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-04, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202202100400075

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका शाती राय पति आर.के.राय निवासी मैत्रीकुंज रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 987/15 रकबा 0.030 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 94//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक चन्द्रदीप ताम्रकार आ. स्व. लक्ष्मीनाथ ताम्रकार निवासी तमेर पारा किल्ला मंदिर चौक दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 45 बी प्लाट नं. 38/4 रकबा 32.30 वर्गमीटर भूमि धारक लक्ष्मीनाथ आ. मंगलू साव ताम्रकार मो. आपापुरा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 31/01/21 को हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्रन है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र चन्द्रदीप एवं नवीन कुमार है। आवेदकगण द्वारा मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर स्वयं के नाम पर फौती नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 25/02/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/02/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 94//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक सुनील मनोहर पंच आ. स्व. एम.एन.पंच निवासी एम.आई.जी 2/72 आमदी नगर हुडको भिलाई की ओर से अधिवक्ता श्री संजीव मिश्र द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आदमी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एम.आई.जी. 2/72 क्षेत्रफल 192 वर्गमीटर भूमि धारक एम.एन.पंच आ. आर.एन. पंच निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक एम.एन.पंच की मृत्यु दिनांक 17/05/2021 को एवं उनकी पत्नि श्रीमती रजनी मनोहर पंच की मृत्यु दिनांक 12/12/2017 को हो चुकी है। मृतक धार के एकमात्र संतान वारिसान आवेदक है। आवेदिका द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 25/02/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/02/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

गुमशुदा

मेरे पिता श्री धनुष राम साहू आ. स्व. हीरालाल साहू, उम्र वर्तमान में लगभग 72 वर्ष, जो सामान्य कद काठी के हैं ग्राम भिलौरी, थाना धमधा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.) से दिनांक 02.04.1996 को घर से कहीं चले गए हैं। जो आज दिनांक तक वापस नहीं आए हैं एवं ना ही उनके संबंध में कोई जानकारी मिल पाई है।

उपरोक्त व्यक्ति के संबंध में जिस किसी को पता चले हमें सूचित करने की कृपा करें।

दुखु राम साहू, ग्राम भिलौरी, थाना धमधा, तह. धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हकप्राप्तकर्ता जसवंत सिंह निवासी ग्राम कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 767/159 रकबा 0.018 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता तेज प्रताप सिंह पिता कमल सिंह अन्य निवासी ग्राम कसारीडीह से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 30/12/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/02/22 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/02/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202201100400354

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रिता साकरकर पति नुकेश कुमार साकरकर निवासी शिवाजी नगर तितुरडीह द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/51 रकबा 0.0104 हें/ 1125 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/01/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्री रविकुमार चंदेल — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202202100400119

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रविकुमार चंदेल पिता शेर सिंह चंदेल पता न्यू पुलिस लाईन दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	661/4	0.015 हें .... वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04/02/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत दास आ. किसुन निवासी डुमरडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुमरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 370, 371, 842 रकबा 0.44, 0.10, 0.57 हे. भूमि जो कि भूमिस्वामी नैनबा बाई पति स्व. पोरस के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु नैनबा बाई पति स्व. पोरस 14/09/21 हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/02/22 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/01/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट नं. — पक्षकार का नाम: श्री सतीश कुमार अग्रवाल — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन - 202202100400155

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सतीश कुमार अग्रवाल पिता राम सुंदर अग्रवाल निवासी रूआबांधा सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	257/62 13	0.003 हें 300 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्री भोलाराम साहू — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. - 202202100400156

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भोलाराम साहू पिता स्व. डी.आर. साहू निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	257/62 12	0.003 हें 300 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/02/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

आम सूचना

सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती आरती साहू पति राजेश रत्न साहू निवासी प्लाट नं. 19/1, सड़क नं. 2 मैत्री कुंज रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की हूं। मेरा पूरा व सही नाम श्रीमती आरती साहू (AARTI SAHU) है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में दर्ज है जो कि सही व सत्य है। कि मेरी कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की अंकसूची में मेरा नाम ARTI RATH दर्ज हो गया है जो कि तेरा पूर्व का नाम है जिसे मैं परिवर्तन करवाकर अपने कक्षा दसवीं बारहवीं की अंकसूची में अपना पूरा नाम AARTI RATH दर्ज करवाना चाहतीं हूं एवं अब मुझे AARTI RATH इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा। जिस हेतु मैने श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग छ.ग. के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित कर लिया गहै कि मैं शासकीय गजट प्रकाशन में अपना नाम श्रीमती अमिता शर्मा प्रकाशन करवाना चाहती हूं।

श्रीमती आरती साहू, रिसाली भिलाई

यौन स्वास्थ्य को लेकर किशोरियों ने की मन की बात

राजधानी से सटे भानसोज के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भानसोज, में शनिवार को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से एक हस्ताक्षर अभियान-सह-जागरूकता-कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूल की किशोरी छात्राओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने 11 से 19 साल आयु वर्ग की प्रतिभागी बालिकाओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य तथा इस आयु वर्ग में शरीर में होने वाले बदलावों के बारे में बताया। उन्हें मासिक धर्म व उस से जुडी सावधानियां और आदतें, पोषाहार के फायदे, सफाई एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व व यौन शोषण की रोकथाम से जुड़ी जानकारियां बिंदुवार तरीके से दी गई।

कार्यक्रम की विशेष अतिथि और एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) की पर्यवेक्षक ऋतु परिहार ने कहा बालिकाएं देश का भविष्य हैं और इस भविष्य को सुन्दर और सुदृढ़ बनाने की नींव किशोरावस्था में ही पड़ती है इसलिए बच्चों, अभिवाभकों व शिक्षकों को

इस बात का ख़ास ख्याल रखना चाहिए कि उनके स्वास्थय से जुड़े सभी पहलुओ जिनमें यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य का एक ख़ास

महत्व है का ख्याल रखना चाहिए। साथ ही उन्होनें छात्राओं से आह्वान किया कि बेझिझक होकर इन मुद्दों पर बात करें।

स्वास्थ्य-सम्बन्धी समस्याओं को कच्ची उम्र में अनदेखा करने से ये बढ़ सकती हैं और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसलिए बच्चियों को खुल के ये बातें परिवार के सदस्यों से साझा करने में संकोच नहीं करना चाहिए। साथ ही साथ मोबाइल के बढ़ते उपयोग से किशोरियां साइबर क्राइम यानी इंटरनेट से जुड़े अपराध का शिकार हो सकती हैं इसलिए उन्हें निजी जानकारियां साझा नहीं करनी चाहिए, सुश्री परिहार ने कहा।

इस अवसर पर भानसोज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत डॉ रोशनी रात्रे ने बच्चों को सेनेटरी पैड्स के सही तरीके से इस्तेमाल एवं डिस्पोजल के बारे में बताया और अत्यधिक रक्त स्त्राव, अनियमित मासिक चक्र, जननांगों में संक्रमण और अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चियों ने भी अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व उन्हें नशामुक्ति से जुड़ी अहम् जानकारियां भी दी गयीं। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य केशव राम बांधे, उप प्राचार्य वंदना पाटिल, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर प्रतिमा बांधे व सीफार छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

विधानसभा अध्यक्ष ने सारा गांव में तहसील कार्यालय का किया भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज जांजगीर-चांपा जिले के सारा गांव नगर का भ्रमण किया। उन्होंने नागरिकों से मुलाकात के दौरान उनकी मांगों और समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। डॉ महंत ने आज दोपहर नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर जन संपर्क करते हुए नगर वासियों की समस्या सुनी और उनके त्वरित निदान कराने का आश्वासन दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत उनकी धर्मपत्नी और कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, पुत्र सूरज महंत का 11 फरवरी रात को गृहनगर सारा गांव आगमन हुआ। उन्होंने 12 फरवरी को नगर के देवरी मार्ग स्थित महंत बिसाहू दास स्मृति के पास तहसील कार्यालय भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर डां महंत के साथ भाई राजेश महंत नगर पंचायत के अध्यक्ष रामकिशन सूर्यवंशी उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर, पार्षदगण, सर्वश्री रविशंकर पांडेय, सहसराम कर्ष, राजेंद्र शुक्ला, रवीन्द्र शर्मा, शाश्वत दीवान, धीरेन्द्र बाजपेई, राजकुमार साहू, राघवेन्द्र पांडेय, ऋषि शर्मा, परमेश्वर राठौर, नगर और अंचल के गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मुंगेली जिले के सिंचाई परियोजनाओं के लिए 16 करोड़ रूपए स्वीकृत

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा मुंगेली जिले में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 16 करोड़ 83 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजनाओं के पूरा होने से एक हजार ग्यारह हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जिले के विकासखण्ड पथरिया अंतर्गत आगर नदी में टेसुवा नाला के नहर एवं माइनर नहरों के लाईनिंग कार्य एवं जीर्णोद्वार कार्य के लिए नौ करोड़ 54 लाख 61 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 891 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। ग्राम करही/धरमपुरा में स्थित शासकीय भूमि में संभागीय कार्यालय एवं दो उपसंभागीय कार्यालय तथा कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी हेतु आवासीय भवन निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 66 लाख 92 हजार रूपए स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के रहन नाला में ग्राम जेवरा के पास एनीकट निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 83 लाख 87 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना से पेजयल, निस्तारी, भू-जल संवर्धन के साथ-साथ 120 हेक्टेयर क्षेत्र में कृषकों को सिंचाई मिल सकेगी। विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत मनियारी (खुड़िया) जलाशय का सौंदर्यीकरण वाटर स्पोर्ट सेन्टर, पार्क, पिकनिक स्पॉट का निर्माण, रेस्ट हाउस/निरीक्षण गृह का उन्नयन तथा एप्रोच सी.सी. रोड निर्माण एवं रेलिंग के कार्य के लिए दो करोड़ 77 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

रायपुर रीजन और सेन्ट्रल ने दर्ज की जीत, कोरबा पूर्व व पश्चिम ने खोला जीत से खाता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर में अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को आगाज हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल 19 फरवरी

को खेला जाएगा। उद्घाटन अवसर पर पॉवर होल्डिंग कंपनी की प्रबंध निदेशक उज्जवला बघेल, प्रबंध निदेशक (उत्पादन) एन.के. बिजौरा, प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) एवं केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष एस.डी.तेलंग ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक एम.एस. चौहान, क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष जे.एस.नेताम समेत विभिन्न टीमों के खिलाड़ी मौजूद थे। अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रबंध निदेशक उज्जवला बघेल ने मैच में अच्छे खेल और खेल भावना की जीत के लिए खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण खेल आयोजनों के रूक जाने से खिलाड़ियों में उत्साह की कमी दिख रही थी, अब इस प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों एवं अन्य कर्मियों में नई ऊर्जा का संचार होगा। अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन रायपुर की टीमों ने धमाकेदार जीत से शुरूआत की है। रायपुर रीजन और रायपुर सेन्ट्रल ने अपने-अपने मैच जीते। दूसरी ओर कोरबा पूर्व और कोरबा पश्चिम की टीमों ने भी जीत के साथ खाता खोला है। प्रतियोगिता प्रभारी मनोज वर्मा एवं केंद्रीय क्रीड़ा सचिव आर.के.बंछोर ने बताया कि अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्रीय कार्यालयों की दस टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन सबके बीच 20-20 ओवरों के कुल 27 मैच होंगे।

एनीमिया की रोकथाम हेतु जीवनचक्र आधारित रणनीति

■ नेशनल आयरन प्लस इनिशिएटिव कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या हैं, जो व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक क्षमता को विपरीत रूप से प्रभावित करती है। इसमें हमारे खून में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में पाये जाने वाले ऐसा तत्व है, जो ऑक्सीजन को शरीर के विभिन्न भागों तक पहुंचाता है। एनीमिया के कई कारण हैं, इनमें से प्रमुख है, आयरन की कमी। तेज विकास और आहार में अपर्याप्त आयरन के कारण 6 माह से 60 माह के बच्चे, शारीरिक विकास और मासिक धर्म के कारण किशोरियां तथा आयरन की बढ़ी हुई आवश्यकता के कारण गर्भवती महिलाएं सबसे अधिक खतरे में होती है।

एनीमिया के संकेत मुख्य रूप से नाखून, जीभ, हथेली, और आंखों में लालिमा की कमी को माना जाता है तथा एनीमिया के लक्षण जैसे- सांस फूलना, थकावट, घबराहट, चक्कर आना, ध्यान में कमी, बार-बार बीमार पड़ना आदी है। आयु अनुसार शारीरिक वृद्धि न होना या रूक जाना, माहवारी का देर से शुरू होना, कम वजन के बच्चे का जन्म तथा मातृ व शिशु मृत्यु एनीमिया के दीर्घकालीन प्रभाव है।

6 माह से 60 माह के बच्चों को आई.एफए. सिरप सप्ताह में दो बार (मंगलवार एवं शुक्रवार), मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की निगरानी में प्रदान करना चाहिए। वर्ष में दो बार, 6 महीने के अंतराल पर नेशनल डिवर्मिंग डे के अंतर्गत, कृमि संक्रमण की रोकथाम हेतु, अल्बेण्डाजोल की आधी गोली (1 से 2 वर्ष के बच्चों को) व पूरी गोली (2 से 10 वर्ष के बच्चों को) खिलाना चाहिए।

दस से उन्नीस वर्ष के किशोर बालक एवं बालिका हितग्राही समूह हेतु सभी शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं में शिक्षक छात्र-छात्राओं को प्रत्येक मंगलवार को आईएफए की नीली गोली (100 मिलीग्राम एलेमेंटल आयरन एवं 500 माइक्रोग्राम फोलिक एसिड) पानी के साथ और दस से उन्नीस वर्ष से की शाला त्यागी किशोरियों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आई.एफए. की गोली सप्ताह में एक दिन (शनिवार) पानी के साथ खिलाना चाहिए। नेशनल डिवर्मिंग डे पर कृमि संक्रमण की रोकथाम हेतु एल्बेंडाजोल की गोली (400 एम.जी.) कृमिनाशक हेतु खिलाई जाए।

गर्भावस्था एवं धात्री हितग्राही समूह हेतु गर्भवती एवं धात्री माताओं को नियमित प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात् जांच कर आई.एफए. की लाल गोली (100 मिलीग्राम एलिमेन्टल आयरन व 500 माइक्रोग्राम फोलिक एसिड) समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों एवं वीएचएनडी में दी जाए। यह गर्भावस्था की दूसरी तिमाही से गर्भावस्था के अंत तक व धात्री काल में 6 माह तक दी जाए। गर्भावस्था की प्रथम तिमाही के बाद एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 मिलीग्राम) कृमिनाश हेतु खिलाया जाना चाहिए।

आयरन से आमतौर पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं होते हैं। प्रभाव मामूली व सामान्यतः ठीक हो जाते हैं। गंभीर प्रभाव होने पर 108 एम्बुलेंस से हितग्राही को निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जाए व एएनएम, मितानिन, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को सूचित करना चाहिए।

आयरन की गोली को खाने से शुरू में मितली, उल्टी, चक्कर आना, दस्त या कब्ज, काले रंग का मल आने जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं। यह दुष्प्रभाव धीरे-धीरे ठीक हो जाते हैं। कब्ज के लक्षणों को कम करने के लिए लाभार्थी को संतुलित आहार जिसमें फाइबर की मात्रा अधिक हो जैसे कि फल, सब्जियां, दालें, अनाज खाने की सलाह दी जानी चाहिए। रोज अधिक पानी पीना दुष्प्रभावों को कम करेगा।

कार्यक्रम की रणनीति अनुसार गर्भावस्था के 14वें सप्ताह से गर्भावस्था के अंत तक कैल्शियम की दो गोली प्रतिदिन (500 मिलीग्राम कैल्शियम कार्बोनेट, 250 आई.यू., विटामिन डी 3) दी जाए। गर्भावस्था के पश्चात् धात्री माताओं को 6 माह तक कैल्शियम की दो गोली प्रतिदिन (500 मिलीग्राम कैल्शियम कार्बोनेट, 250 आई.यू., विटामिन डी 3) दी जाए। यह प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात् देखभाल के बाद स्वास्थ्य केन्द्र अथवा वी.एच.एन.डी. में सेवा प्रदाता, ए.एन.एम. द्वारा दिया जाना चाहिए।

विकास के लिए आवश्यक है पानी का प्रबंधन: मंत्री चौबे

नव नियुक्त सहायक अभियंताओं के कंधों पर छत्तीसगढ़ के विकास की जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने सोमवार को जल संसाधन विभाग में नव नियुक्त सहायक अभियंताओं को बेहतर काम के लिए प्रेरित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, जल संसाधन विभाग के रायपुर ट्रेनिंग सेंटर में नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के आधारभूत प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नव नियुक्त अभियंताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाले समय में जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी आप के कंधों पर हैं और आप सभी कुछ ऐसा काम करें की आने वाली पीढियां आपको याद करे।

जल संसाधन मंत्री श्री चौबे ने कहा कि पानी विकास की आधारभूत आवश्यकता है इस विकास की जिम्मेदारी आप जैसे अभियंताओं के कंधों पर है। नवनियुक्त सहायक अभियंताओं को संबोधित करते हुए रविन्द्र चौबे ने कहा कि आपको बदलती हुयी तकनीक के अनुसार खुद को भी हर दिन अपडेट करते रहना होगा ताकि आपकी क्षमताओं में विस्तार होता रहे। इस प्रशिक्षण सत्र में नवनियुक्त 44 सहायक अभियंताओं एवं 6 सहायक भू-जलविदों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

15 दिनों तक चलने वाला आधारभूत प्रशिक्षण सत्र 14 फरवरी से प्रारंभ होकर 4 मार्च 2022 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में कार्यालयीन व्यवस्था, स्थापना, लेखा, प्रशासनिक सेटअप, प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों एवं तकनीकी विषयों यथा डिजाइन, ड्राइंग, प्राक्कलन, सीएसआर, स्पेसिफिकेशन, गुणवत्ता परीक्षण आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा कार्यस्थल का भ्रमण कराने का कार्यक्रम भी निर्धारित है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जल संसाधन विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी. ने की। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा है कि अभियंताओं को खुद में समय के साथ बदलाव करते रहना होगा ताकि वो आगे जाकर बड़ी जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार रहें। इस मौके पर विभाग के मुख्य अभियंता श्री इंद्र कुमार उइके, महानदी परियोजना के प्रमुख अभियंता आरके नगरिया समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

ब्राह्मण समाज की मासिक बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छ ग प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज के मासिक बैठक शक्ति महिला मंडल आमापारा रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष भारती किरण शर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई उपरोक्त बैठक में सनातन धर्म रक्षार्थ एवम उत्थान

तथा सामाजिक उत्थान हेतु 3 अप्रैल को हिन्दू नव वर्ष एवम वीरता तथा प्रोत्साहन हेतु शक्ति स्वरूपा सम्मान आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संगठन के संस्थापक एवम नीति निर्धारक पंडित योगेश तिवारी व नारीशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख श्रीमती निशा तिवारी ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रथम सत्र में मां भगवती के षोडशोपचार पूजन पश्चात कन्या पूजन तथा द्वितीय सत्र में वीरता सम्मान के अंतर्गत देश के सीमा में अपने प्राणों की परवाह किए बगैर देश एवम देश वासियों की रक्षा के लिए डटे रहे ऐसे पूर्व एवम वर्तमान सैनिकों के सम्मान तथा साहित्य, कला, विधि, सामाजिक सेवा और लॉ एंड आर्डर के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले बहनों का सम्मान किया जाएगा। संध्या आरती पश्चात दीपोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में संगठन की संरक्षिका विजय लक्ष्मी शर्मा प्रदेश महासचिव सुनीता मिश्रा प्रदेश कोषाध्यक्ष सरिता दुबे हेमलता शुक्ला रानी दुबे माही शर्मा, श्यामा चौबे कु अनामिका चौबे प्रदेश संगठन सचिव आई पी शर्मा जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश दाश प्रकाश दुबे आदि उपस्थित थे। यह जानकारी संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रकमलेश शर्मा द्वारा दिया गया।

दुर्ग जिले के सिंचाई परियोजनाओं के लिए 11 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा दुर्ग जिले के विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 11 करोड़ 90 लाख 91 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजनाओं के पूरा होने से पांच सौ तैंतीस हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन के खारून नदी में ठकुराईन टोला के समीप तटरक्षण (बैंक प्रोटेक्शन) कार्य के लिए दो करोड़ 75 लाख 77 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड पाटन के खारून नदी में किकिरमेटा के पास फ्लड प्रोटेक्शन पार्ट-2 के निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 87 लाख नौ हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड पाटन की सांतरा जलाशय शीर्ष कार्य का जीर्णोद्वार कार्य के लिए दो करोड़ 98 लाख 51 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 122 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड दुर्ग की विनायकपुर टैंक का जीर्णोद्वार एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए एक करोड़ 98 लाख 84 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 118 हेक्टयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

पीएचई के अपर मुख्य सचिव ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण

■ तेजी से काम पूरा कर लोगों के घर तक नल जल पहुंचाने के निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू ने सोमवार को अम्बिकापुर के ग्राम भिट्ठीकला, सुखरी एवं कालापारा में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर तक पहुंचाए जा रहे नल जल के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में तेजी लाकर ग्रामीणों के घरों तक नल जल की सुविधा दें।

अपर मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से बात की और नल जल की सुविधा का

लाभ लेने के साथ उसकी देखभाल की जिम्मेदारी लेने की समझाईश दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित करायें जिसमें नल जल के सदुपयोग और उसके देख-भाल के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि घर के सामने लगाए जा रहे टेप नल की सुरक्षा की सामूहिक जिम्मेदारी ग्रामीणों को दें। ग्राम कालापारा में नल जल के निरीक्षण के दौरान एसीएस ने सरपंच श्रीमती बिलॉसो मरकाम से बातचीत की और नल जल के बारे में लोगों को जागरुक करने कहा ताकि लोग इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें। उन्होंने कालापारा में नवनिर्मित पानी टंकी तथा क्लोरीनीकरण कक्ष का भी अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने पानी टंकी के पास स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कालापारा का निरीक्षण किया। स्कूल के प्रधान पाठक से शिक्षकों और विद्यार्थियों की संख्या तथा उपस्थिति की जानकारी ली। प्रधान पाठक ने बताया कि स्कूल में 5 शिक्षक और 40 विद्यार्थी है।

जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों तथा ग्रामों में टेप नल की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान कलेक्टर संजीव कुमार झा, जिला पंचायत के सीईओ विनय कुमार लंगेह, अधीक्षण अभियंता ए.के. सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री प्रदीप खलखो सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

राज्यपाल ने आत्मानंद स्कूलों में शिक्षक भर्ती में स्थानीय निवासी की अनिवार्यता को शिथिल करने संबंधी प्रस्ताव पर किए हस्ताक्षर

■ बस्तर व सरगुजा संभाग समेत कोरबा व गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के अभ्यर्थियों एवं विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने अभ्यर्थियों एवं विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए बस्तर और सरगुजा संभाग के सभी जिले तथा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही व कोरबा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती में स्थानीय निवासी होने की अनिवार्यता को शिथिल करने संबंधी राज्य शासन के प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दे दी है।

उल्लेखनीय है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शैक्षणिक गुणवत्ता की दृष्टि से शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके लिए अंग्रेजी माध्यम का शिक्षक होना अनिवार्य है। शासन द्वारा जारी पूर्व निर्देशों में इन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए अभ्यर्थी को संबंधित जिले का निवासी होने की अनिवार्यता की शर्तों का उल्लेख किया गया था, किन्तु बस्तर व सरगुजा संभाग के जिलों तथा कोरबा व गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में शिक्षित पात्र उम्मीद्वारों की कमी को देखते हुए शासन ने सहायक शिक्षक के पदों की भर्ती हेतु इन जिलों में स्थानीय निवासी होने की शर्त को शिथिल करना प्रस्तावित किया, जिस पर राज्यपाल ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिससे अब इन जिलों के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में रिक्त पद शीघ्र भरे जा सकेंगे।

शिक्षित बेरोजगारों के लिए ऑनलाईन प्लेसमेंट कैम्प

■ 714 विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैंप 15 से 21 फरवरी 2022 तक ऑनलाईन-ऑफलाईन होगा। इसके लिए आवेदक को सिर्फ बॉयोडाटा जमा करना होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र के तीन नियोजक विनायक जॉब कन्सलटेंट, बत्रा दीपक एंड एसोसियेट इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड एवं कॉनसेप्ट कन्सलटेंसी सर्विसेस, रायपुर द्वारा 714 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए योग्यता न्यूनतम

8वीं से 12वीं स्नातक, स्नातकोत्तर, पी.जी.डी.सी.ए., आई.टी.आई., डिप्लोमा, बी.ई., बी.टेक, बी.कॉम, एम.बी.ए. एवं एम.एस.डब्ल्यू. होगी। इन पदों पर अनुभवी और योग्य आवेदकों की भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए चयनित आवेदकों को 8 हजार से 20 हजार रूपये प्रति माह वेतनमान पर नियुक्त किया जाएगा।

उक्त पदों पर भर्ती हेतु योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित 15 फरवरी 2022 तक अपना आवेदन ऑफ लाईन जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में कार्यालयीन समय मे बॉयोडाटा जमा कर सकते है। इन पदों के लिए आवेदक ऑनलाईन आवेदन http://shorturl.at/huSX1 गुगल लिंक पर भी भेज सकते है।

संपादकीय

हिजाब को चुनावी मुद्दा मनाना अनुचित

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए हिजाब को चुनावी मुद्दा बनाया जा रहा है जो अनुचित है। असदुद्दीन ओवैसी लगातार हिजाब को लेकर भड़काऊ बयानबाजी कर रहे है और इस बहाने एक संप्रदाय विशेष के मतदाओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे है। वही समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इस मामले में फूंक फूंककर कदम रख रहे है। पत्रकारों द्वारा उन्हे कुरेदे जाने के बावजूद हिजाब के मुद्दे पर उन्होने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसका मतलब साफ है कि वे किसी को नाराज नहीं करना चाहते। वैसे देखा जाए तो हिजाब मुद्दे पर अखिलेश यादव का रुख सही है। अन्य नेताओं को भी हिजाब मुद्दे को लेकर बयानबाजी करने से बचना चाहिए। यह मामला कोर्ट में है और कोर्ट का जो भी फैसला होगा वह सर्वमान्य होगा। इसलिए जब तक हिजाब का मुद्दा न्यायालय में है तब तक इसे लेकर किसी तरह की बयानबाजी करना और इसे चुनावी मुद्दा बनाना न सिर्फ अनुचित है बल्कि सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना भी है। गौरतलब है कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने हिजाब मुद्दे पर अपना फैसला होने तक स्कूलों व कालेजों में हिजाब को प्रतिबंधित रखा है। जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई तो सुप्रीम कोर्ट ने उसपर उस समय तक सुनवाई करने से इंकार कर दिया जब तक कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला नहीं आ जाता। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि हिजाब को राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बनाना चाहिए लेकिन यह राजनीतिक दलों के लिए मुद्दा बन गया है। इसका सबसे ज्यादा असर उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में पड़ रहा है। अन्य राज्यों में भी हिजाब के समर्थन में और विरोध में प्रदर्शन हो रहे है जो कतई उचित नहीं है। ऐसे लोगों को सुप्रीम कोर्ट की मंशा का सम्मान करना चाहिए और जब तक यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है तब तक इसे लेकर भड़काऊ बयानबाजी नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है और दो समुदायों के बीच कटुता पड़ सकती है।

विचार

हिजाबः अरबों की अंधी नकल क्यों ?

अमेरिकी सरकार ने दुनिया के देशों की धार्मिक स्वतंत्रता की देख-रेख के लिए एक व्यापक राजदूत (एंबेसाडर एट लार्ज) नियुक्त किया हुआ है। उसका नाम है- रशद हुसैन। भारतीय मूल के इन राजदूत महोदय ने हिजाब के पक्ष में अपना फत्वा जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पर पाबंदी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। यह औरतों और युवतियों के साथ अन्याय है। यही बात अमेरिका की इस्लामी परिषद ने भी कही है। प्रसिद्ध अमेरिकी बुद्धिजीवी नोम चोम्स्की ने उक्त बयानों का समर्थन तो किया ही है, साथ ही यह भी कह दिया है कि मोदी सरकार भारत की धर्म-निरपेक्षता को प्रयत्नपूर्वक खत्म कर रही है और मुसलमानों को 'प्रताड़ित अल्पसंख्यकों' में परिणत कर रही है। चोम्स्की का निर्भीक बुद्धिजीवी के तौर पर मैं काफी सम्मान करता हूं लेकिन यह बयान तो उन्होंने अज्ञानवश ही दे डाला है। उन्हें इस विवाद के बारे में पूरी जानकारी ही नहीं है। पहली बात तो यह है कि मोदी की केंद्र सरकार का इस विवाद से कुछ लेना-देना नहीं है। केंद्र सरकार ने इसके संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया है। दूसरी बात यह है कि यह सामान्य रुप से हिजाब पहनने पर नहीं, स्कूलों में हिजाब पहनने पर बहस है। तीसरी बात यह है कि यह मामला अभी भी अदालत में है। इसीलिए चोम्स्की और हुसैन के भारत-विरोधी बयान उनके पूर्वाग्रह के सूचक हैं। पाकिस्तानी नेताओं के बयानों पर क्या टिप्पणी की जाए?

वैसे भी दुनिया के सिर्फ दो तीन इस्लामी देशों, जैसे अफगानिस्तान और ईरान में ही महिलाओं पर हिजाब पहनने की अनिवार्यता है। सऊदी अरब और पाकिस्तान में भी हिजाब अनिवार्य नहीं है जबकि सऊदी अरब इस्लाम का जन्म स्थान है और पाकिस्तान दुनिया का ऐसा अकेला देश है, जो इस्लाम के नाम पर बना है। दुनिया के लगभग दर्जन भर देशों- जैसे चीन, श्रीलंका, फ्रांस, स्विटजरलैंड, डेनमार्क, आस्ट्रिया, हालैंड, बेल्जियम आदि में हिजाब पर सिर्फ स्कूलों में ही नहीं, घर के बाहर कहीं भी हिजाब पहनने पर पाबंदी है। कनाडा के प्रांत क्यूबेक में फतिमा अनवरी नामक एक अध्यापिका को सिर्फ इसीलिए नौकरी से निकाल दिया गया कि वह हिजाब लगाकर स्कूल में आती थी। 2019 में क्यूबेक में मुस्लिमों के हिजाब, यहूदियों के किप्पा और सिखों की पगड़ी पर कानूनन प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह अध्यापकों, वकीलों, जजों और सरकारी अफसरों पर विशेषतः लागू होगा।

वैसे मैं यह मानता हूं कि यदि कोई महिला हिजाब या बुर्का या नकाब या घूंघट पहनना चाहती है तो उस पर कोई प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। इस मामले में तो भारत इतना उदार है कि हजारों नंगे साधुओं के गंगा-स्नान और दिगंबर जैन मुनियों के विचरण पर कोई भी आपत्ति नहीं करता है तो अपना शरीर और मुंह ढकनेवाली महिलाओं पर वह एतराज क्यों करेगा? एतराज बस इसी बात पर है कि स्कूल-कालेजों और सरकारी दफ्तरों में इस पोंगापंथी परंपरा को क्यों स्वीकार किया जाए? क्या घूंघटधारी हिंदू महिला अध्यापिकाएं और महिला पुलिस अफसर मजाक का विषय नहीं बन जाएंगी? और अब तो यह मामला बिल्कुल सांप्रदायिक बन गया है। हिजाब वगैरह डेढ़ हजार साल पुरानी अरब देशों की मजबूरी थी। उस समय वह ठीक और जरुरी भी थी। उसका इस्लाम के मूल सिद्धांतों से कुछ लेना-देना नहीं है। प्राचीन अरबों की अंधी नकल करना एक बात है और इस्लाम के क्रांतिकारी सिद्धांतों को मानना दूसरी बात है।

बजट- व्यापक बदलाव लाने वाला ब्लूप्रिंट

अनिल पद्मनाभन

वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की शीघ्र ही शुरुआत की जाएगी। आधार नंबर की डिजिटल सुविधा का उपयोग करते हुए किफायती सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो लोग विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य-आईडी का चयन करेंगे, उन्हें अपने चिकित्सा इतिहास को एक से दूसरे चिकित्सा संस्थान में ले जाने की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उपयोगकर्ता का अनुभव बेहतर होगा; कम से कम बाहरी मरीज, टेली-मेडिसिन और चिकित्सा कर्मियों की स्वास्थ्य रजिस्ट्री में सूचीबद्ध सत्यापित विशेषज्ञों से आसानी से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल सुविधा का महत्वपूर्ण लाभ यह भी है कि इससे मध्यस्थता की प्रक्रिया तेजी से समाप्त होती है। जिस तरह से एटीएम ने बैंक जाने की आवश्यकता को लगभग खत्म कर दिया उसी तरह नई डिजिटल सुविधा बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर देगी।

समस्त सराहनीय केंद्रीय बजटों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया नवीनतम बजट निश्चित रूप से विशेष मायने रखता है। ऐसा इसलिए नहीं कहा जा रहा है कि कई राज्यों में हो रहे अत्यंत महत्वपूर्ण चुनावों को देखते हुए संभावित मतदाताओं को लुभाने के लिए वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में खुल कर मुफ्त उपहार और रियायतें बांटे जाने के तमाम अनुमान गलत साबित हुए हैं। इसी तरह ऐसा इसलिए नहीं कहा जा रहा है कि हाल-फिलहाल के वर्षों में यह किसी भी वित्त मंत्री का सबसे छोटा बजट भाषण था।

दरअसल, ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि भारत में अभी से लेकर अगले 25 वर्षों तक की लंबी अवधि में व्यापक बदलाव लाने वाला ब्लूप्रिंट इस बजट में पेश किया गया है। इसमें कोई संशय नहीं है कि हमारा देश सदी में एक बार आने वाली उस महामारी के कारण गहराए संकट से अपनी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से उबारने में अब भी जुटा हुआ है, जिसकी उत्पत्ति संभवतः चीन के वुहान में हुई थी। लेकिन फिर भी इस केंद्रीय बजट में यह कहते हुए सरकार के पूर्ण आत्मविश्वास को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि वर्तमान संकट से पार पा लिया जाएगा और अब 'नए भारत' के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करने का सही समय आ गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने यह संकेत दिया है कि केंद्र सरकार अभिनव डिजिटल प्रौद्योगिकियों की अद्भुत ताकत का इस्तेमाल कर, देश में तेजी से बढ़ी संख्या में स्टार्ट-अप्स द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट उद्यम का अनुकरण करने के लिए लोगों को प्रेरित कर, और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ इन नीतिगत सुधारों को सफलतापूर्वक लागू करके सदैव अटल रहने वाले व्यापक बदलाव को साकार करने की उम्मीद करती है।

फिर से शुरुआत

इस साल के बजट ने ठीक वहीं से शुरुआत की, जहां पिछले साल के '100 साल में अपनी तरह के पहले बजट' ने छोड़ा था। निजीकरण को लेकर सरकार का निर्णय पिछले साल के बजट की सबसे बड़ी विशेषता थी। सार्वजनिक क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की अग्रणी भूमिका में रखने की ऐतिहासिक परिपाटी को हमेशा के लिए त्याग दिया गया और कारोबार जगत को अर्थव्यवस्था में बराबर का हितधारक बनाया गया। उससे पहले साल के मध्य में

कॉरपोरेट और व्यक्तिगत आय करों में कमी की गई।

अंतरिम तौर पर, सरकार ने 14 क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं समेत व्यापक संरचनात्मक सुधारों एवं व्यापार करने को और अधिक आसान बनाने के लिए प्रक्रियात्मक सुधारों को अपनाया और नई विकसित डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा दिया।

इस साल के बजट ने आपूर्ति से संबंधित बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से अर्थव्यवस्था में बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाने पर नए सिरे से ध्यान केन्द्रित करते हुए इस सुधारात्मक प्रक्रिया को तेज किया है। कार्यान्वयन में अवरोध को कम करने के उद्देश्य से रेलवे, हवाई अड्डों, सड़कों, बंदरगाहों, जन परिवहन, जलमार्ग और लॉजिस्टिक्स से संबंधित अवसंरचना के सात क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं को गतिशक्ति पोर्टल के साथ जोड़ा गया है।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इस बजट ने पूंजीगत व्यय को 35.4 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया। इस राशि में से 1 लाख करोड़ रुपये को 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में राज्यों को उनके पूंजीगत निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिए जाने के लिए अलग रखा गया है।

इन सबके पीछे की रणनीति इन प्रमुख क्षेत्रों में निजी कॉरपोरेट निवेश को प्रेरित करने के उद्देश्य से बढ़े हुए सार्वजनिक निवेश का उपयोग करना और इस तरह उपभोग संबंधी मांग को प्रोत्साहित करना एवं अर्थव्यवस्था में पर्याप्त संख्या में रोजगार पैदा करना है। वित्त मंत्री के अनुसार, अकेले पीएलआई योजना अगले पांच वर्षों में 60 लाख नई नौकरियां पैदा करेगी।

डिजिटल सुविधा की तेज गति

वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि प्रस्तावित बदलाव, नई विकसित डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठाएगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन निसंदेह महामारी से पहले और इसके दौरान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के अपने बेहतर अनुभव से प्रभावित है:- मार्च 2020 तक लक्षित अंतरण से 1.70 ट्रिलियन रुपये की बचत हुई। डिजिटल इकोसिस्टम का लाभ उठाया गया, जिनमें 1 बिलियन से अधिक मोबाइल फोन, 600-800 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ता और गरीबों के 430 मिलियन जन धन खाते शामिल है।

वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की शीघ्र ही शुरुआत की जाएगी। आधार नंबर की डिजिटल सुविधा का उपयोग करते हुए किफायती सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो लोग विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य-आईडी का चयन करेंगे, उन्हें अपने चिकित्सा इतिहास को एक से दूसरे चिकित्सा संस्थान में ले जाने की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उपयोगकर्ता का अनुभव बेहतर होगा; कम से कम बाहरी मरीज, टेली-मेडिसिन और चिकित्सा कर्मियों की स्वास्थ्य रजिस्ट्री में सूचीबद्ध सत्यापित विशेषज्ञों से आसानी से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे।

डिजिटल सुविधा का महत्वपूर्ण लाभ यह भी है कि इससे मध्यस्थता की प्रक्रिया तेजी से समाप्त होती है। जिस तरह से एटीएम ने बैंक जाने की आवश्यकता को लगभग खत्म कर दिया उसी तरह नई डिजिटल सुविधा बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर देगी।

सैद्धान्तिक रूप से, केन्द्रीय बजट 2022-23 भारत को अधिकार प्राप्त पात्रता के स्थान पर सशक्तिकरण के शासनकाल में बदलाने का प्रस्ताव देता है। पहले के शासनकाल में कोई भी वास्तविक अर्थ में गरीबी को दूर करने की बात नहीं करता था, हालांकि इस कार्य के लिए बड़ी मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराई जाती थी। इस कार्यशैली के बदले एक ऐसे इकोसिस्टम को अपनाया जाएगा जो सशक्तिकरण का आधार बनेगा। संक्षेप में, गरीबों को सहायता देने के बदले उन्हें गरीबी से बाहर निकलने के लिए स्वयं प्रयास करने को लेकर सशक्त बनाया जाएगा, जिससे इस अभिशाप से मुक्ति की निरंतर लड़ाई की शुरुआत होगी।

रेडियो सुनने का जो मज़ा पहाड़ों पर है वो और कहां

नरविजय यादव

भारत में रेडियो प्रसारण 1922 में शुरू हुआ। ऑल इंडिया रेडियो 1936 से प्रसारण पर हावी रहा है। ऑल इंडिया रेडियो को आधिकारिक तौर पर 1956 से आकाशवाणी के रूप में जाना जाता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क है, और दुनिया में सबसे बड़े प्रसारण संगठनों में से एक है, जो प्रसारित होने वाली भाषाओं की संख्या और सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक विविधता के गुलदस्ते के रूप में कार्य करता है। ऑल इंडिया रेडियो की होम सर्विस में देश भर में स्थित 420 स्टेशन शामिल हैं, जो देश के लगभग 92 प्रतिशत क्षेत्रफल और कुल जनसंख्या के 99.19 प्रतिशत तक पहुंचते हैं। ऑल इंडिया रेडियो 23 भाषाओं और 179 बोलियों में प्रोग्रामिंग की शुरुआत करता है।

गर्मियों की छुट्टी हो या दिवाली का त्यौहार, गांव जाने से पहले एक बक्से में हमारा फिलिप्स का बड़ा सा रेडियो रखा जाता था, जो एवरेडी की एक विशेष लाल रंग की बैटरी से चलता था। वैसी बैटरी बाद में कहीं और देखने को नहीं मिली। न ही बड़े आकार का रेडियो अब कहीं दिखता है। पूरा गांव बड़े कौतूहल से हमारे रेडियो को देखता सुनता था। सोचता हूं कहीं से पुराना रेडियो मिल जाए तो उसी पर सुनूं सुबह 8 बजे और रात 9 बजे के समाचार। यह आकाशवाणी है अब आप देवकीनंदन पांडेय से समाचार सुनिए। आकाशवाणी पर समाचार सुनाने का यह सालों पुराना अंदाज आज भी मौजूद है। प्रथम एशियाई खेलों की खबरें सुनने के लिए मैंने बाकायदा एक पॉकेट रेडियो खरीदा था, जो कई साल मेरे पास रहा। आज विश्व रेडियो दिवस पर रेडियो से जुड़ी तमाम यादें मन में हिलोरें मार रही हैं।

रेडियो आज भी अच्छा लगता है, लेकिन रेडियो एफएम के बोरा भर विज्ञापन और कोलाहल सुनकर मन परेशान हो जाता है। यह फ्लैट खरीदो, वो कार ले लो, शॉपिंग कर लो, पका देते हैं भाई विज्ञापनों से। आकाशवाणी इस मामले में अच्छा है कि उस पर फालतू के विज्ञापन नहीं आते। पहाड़ों पर रेडियो सुनना का अपना ही आनंद है। पुराने गाने सुनते हुए लगता है जैसे पहाड़ के उस पार कहीं स्टूडियो है, जहां लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी बैठे रिकॉर्डिंग कर रहे हैं। विश्व रेडियो दिवस 2022 की थीम है - रेडियो और भरोसा। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार, रेडियो संचार के सबसे शक्तिशाली, भरोसेमंद और सुलभ माध्यमों में से एक है, खासकर आम जनता तक पहुंचने के लिए। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने आकाशवाणी और रेडियो के महत्व को और बढ़ा दिया। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के सदस्य देशों ने पहली बार 2011 में विश्व रेडियो दिवस की घोषणा की थी। बाद में इस दिन को 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में अपनाया गया था।

> **रेडियो आज भी अच्छा लगता है, लेकिन रेडियो एफएम के बोरा भर विज्ञापन और कोलाहल सुनकर मन परेशान हो जाता है। यह फ्लैट खरीदो, वो कार ले लो, शॉपिंग कर लो, पका देते हैं भाई विज्ञापनों से। आकाशवाणी इस मामले में अच्छा है कि उस पर फालतू के विज्ञापन नहीं आते। पहाड़ों पर रेडियो सुनना का अपना ही आनंद है। पुराने गाने सुनते हुए लगता है जैसे पहाड़ के उस पार कहीं स्टूडियो है, जहां लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी बैठे रिकॉर्डिंग कर रहे हैं। विश्व रेडियो दिवस 2022 की थीम है - रेडियो और भरोसा। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार, रेडियो संचार के सबसे शक्तिशाली, भरोसेमंद और सुलभ माध्यमों में से एक है, खासकर आम जनता तक पहुंचने के लिए। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने आकाशवाणी और रेडियो के महत्व को और बढ़ा दिया।**

भारत में रेडियो प्रसारण 1922 में शुरू हुआ। ऑल इंडिया रेडियो 1936 से प्रसारण पर हावी रहा है। ऑल इंडिया रेडियो को आधिकारिक तौर पर 1956 से आकाशवाणी के रूप में जाना जाता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क है, और दुनिया में सबसे बड़े प्रसारण संगठनों में से एक है, जो प्रसारित होने वाली भाषाओं की संख्या और सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक विविधता के गुलदस्ते के रूप में कार्य करता है। ऑल इंडिया रेडियो की होम सर्विस में देश भर में स्थित 420 स्टेशन शामिल हैं, जो देश के लगभग 92 प्रतिशत क्षेत्रफल और कुल जनसंख्या के 99.19 प्रतिशत तक पहुंचते हैं। ऑल इंडिया रेडियो 23 भाषाओं और 179 बोलियों में प्रोग्रामिंग की शुरुआत करता है। दिसंबर 2002 में, भारत सरकार ने आईआईटी व आईआईएम सहित अच्छी तरह से स्थापित शैक्षणिक संस्थानों को सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना के लिए लाइसेंस देने की नीति को मंजूरी दी। वर्तमान में भारत में 262 सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं जो किसान, आदिवासी, तटीय समुदायों, जातीय अल्पसंख्यकों और विशेष हितों की सेवा करते हैं। साल 2001 में रेडियो क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को एंट्री दी गई। रेडियो सिटी बैंगलोर भारत का पहला निजी एफएम रेडियो स्टेशन है। वर्तमान में, भारत के 107 शहरों में 371 निजी एफएम स्टेशन संचालित हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

स्कूल संस्थान

स्कूल संस्थान किसी भी धर्म की धार्मिक शिक्षा नहीं देते तो जैसे तिलक और चोटी की इजाजत नहीं वैसे ही हिजाब भी नहीं। अगर हिजाब की अनुमति हो तो आप सभी हिंदू ब्राह्मणों से अपील की वापस अपने धर्म की रक्षा के लिए त्यागे हुए चोटी और तिलक को अपनाये,बहनें भी सिंदूर बिंदी और मेहंदी लगाये। साड़ी और धोती अपनाये। अपने मौलिक अधिकार वापस पाये।।

- संध्या चतुर्वेदी

प्रेम भरा हो मन

प्रेम भरा हो मन जिसका फिर कैसा फर्ज निभाना जिसके मन में हो प्रेम बसा उसको क्या समझाना फर्ज निभाना बिना ज्यों बिन प्राणों की काया, सच कहती हूँ फर्ज नहीं तुम प्रेम ढ़ुसुधा बरसाना।

- चन्द्रकान्ता अग्नीहोत्री

ख़ास पाती. — वह पुल जो मुझे जोड़ता था

वह पुल जो मुझे जोड़ता था उस पार के लोगों से भरभराकर ढह गया है वहीं रह गए उस पार के लोग और मैं भी नहीं बढ़ पाई कभी उस पार के लोग याद तो आते हैं लेकिन मन नहीं करता कभी उनके पास जाने और मिलने का उस ओर जाने का खुमार आते ही टूटे पुल से रिसने लगती हैं उनकी असंख्य यादें, धोखे और दगाबाजियाँ तब रिसन का बहाव तीव्र हो उठता है मैं डरकर वहीं थमी रह जाती हूँ... ये अहसास होते हुए भी कि बढ़ रही हैं और दूरियाँ उस पार के लोगों से फिर भी ख़ामोश हो सूखी आँखों से देख रही हूँ बढ़ते हुए उन दूरियों को। - शशि बंसल गोयल

कितने भी बन्द कर लो मन

कितने भी बन्द कर लो मन के दरवाजे या वातायन चले आते है चुपके से छोड़ने अपने निशान वक्त कर सकता बन्द पिंजरे में अगर इंसान तो बनता कभी उसका जमूरा नहीं ख्वाब जिंदगी का, ,होता कभी पूरा नहीं अनचाही रौनकों से,रौशन रहता है घर द्वार अंतरमन की उलझनों को देता है वो सदा नकार मुस्कुराहट के आवरण में छिपा दिखता कभी अधूरा नहीं ख्वाब जिंदगी का होता कभी पूरा नहीं पर्वत सी दुश्वारियां सामने तनकर खड़ी हो जीवन के इस मेले में बस आसुओं की झड़ी हो यत्न से भी हो एकत्र दर्पण का चूरा नहीं ख्वाब जिंदगी का ,होता कभी पूरा नहीं। - रजनी रामदेव

आत्म प्रकाश मिलता है तभी

आत्म प्रकाश मिलता है तभी जब तप होगा अग्निकुंड में अलग पथ पर चलना होगा शून्य ज्ञान है भेड़ों के झुंड में ना लक्ष्य दिखाई दे ना दूरी आलस का नाम नहीं मजबूरी पता चली जो क्षमता वो भी आधी ब्रह्मज्ञान के लिए ले लो जलसमाधि। - प्रवीण माटी

शादी-ब्याह में भीड़ जुटे तो

शादी-ब्याह में भीड़ जुटे तो कोई रोक टोक नहीं. राजनीतिक दल हजारों की बगैर मास्क वाली भीड़ जुटाएं तो कोरोना नहीं फैलता. आम आदमी गाड़ी में अकेले या परिवार के साथ निकल जाए तो कोरोना फैलता है! दम है तो राजनीतिक दलों और रसूखदारों पर कार्रवाई करो नहीं तो मास्क के नाम पर आम आदमी को जलील करना बंद करो। - गौरव शर्मा भारतीय

अपने हिस्से में बेकसी ही सही दिल से तुमको यह बेदिली ही

अपने हिस्से में बेकसी ही सही दिल से तुमको यह बेदिली ही सही दिल तो दिल है , यह बिन लगे न लगे कुछ नहीं शगले -आशिकी ही सही ख्वाब जगाते हैं उनकी आंखों में अपनी आँखों में यह नमी ही सही देखो जिंदा हैं हम तेरे बिन भी खुदकुशी है यह , खुदकुशी ही सही अच्छा होता जो होती दिल की लगी कुछ नहीं है तो दिल्लगी ही सही अब कहाँ तक सफ़र देते फिरें हमने पी है तो ,तो जाओ पी ही सही।

- अनु मित्तल

मैं उसे अंधेरे की तरह देखता हूं

मैं उसे अंधेरे की तरह देखता हूँ की जब सिर्फ वो दिखाई देता है और कुछ नही। मैं उसे ओस की बूंद की तरह स्पर्श करता हूँ जहां केवल प्रथम और अंतिम स्पर्श ही संभव हो मैं उसे आंसू की तरह अपने भीतर से उपजते देखता हूं। वह भावनाए निरंकुश हो और एक ऊष्मा आपके चेहरे से निकल रही हो। और उसे नही रोका जा सकता। एक अस्पष्ट उत्तर कदापि सर्वाधिक स्पष्ट सूचना दे रहा होता है। बस आपकी दृष्टि स्पष्ट हो।

- कुलदीप वर्मा

QUIZ TIME

1) विश्व फिज़ियोथेरेपी दिवस का आयोजन किस दिन किया जाता है?
2) विश्व साक्षरता दिवस किस दिन मनाया जाता है?
3) भारत का पहला डुगोंग संरक्षण रिजर्व किस राज्य में स्थापित किया गया है?
4) मार्च 2021 में कहां पर देश के पहले हीलिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया?
5) बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं 9 बार विधायक रहे किस कांग्रेस नेता का हाल ही में निधन हो गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 8 सितंबर (2) 8 सितंबर (3) तमिलनाडु (4) ... (5) सदानंद सिंह

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1764 - अमेरिका में सेंट लुईस शहर की स्थापना हुई। 1869 - उर्दू के प्रसिद्ध कवि और लेखक मिर्जा गालिब असद उल्लाह बेग खान का निधन। 1564 इटली के खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म। 1926 - अमेरिका में अनुबंध एयर मेल सेवा की शुरुआत। 1942 - सिंगापुर ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान की सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 1961 - बेल्जियम में बोइंग 707 विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 73 लोगों की मौत। 1962- अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया। 1965- मैपल (एक प्रकार का छायादार वृक्ष) के पत्ते को कनाडा के आधिकारिक ध्वज में स्थान मिला। 1976 -मध्य प्रदेश के भोपाल में केन्द्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई। 1984 - भारतीय अभिनेत्री मीरा जेसमिन का जन्म। 1989 - सोवियत संघ (अब रूस) ने अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को हटाने की घोषणा की। 2000- प्रसिद्ध फिल्म निर्माता निर्देशक बी.आर चोपड़ा को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया। 2002- अफगानिस्तान में हज यात्रियों की भीड़ ने पर्यटन मंत्री अब्दुल रहमान को पीट-पीटकर हत्या कर दी। 2003 -एरियन 4 राकेट से दूरसंचार उपग्रह 'इंटेलसैट' अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया। 2006 - पाकिस्तान की कैबिनेट की तरफ से दक्षिण एशिया मुक्त क्षेत्र समझौता (साफ्टा) को स्वीकार किया। 2010 - जयपुर घराने की कथक नृत्यांगना प्रेरणा श्रीमाली को 2009 के संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया।

निर्माता बनाना चाहती है आलिया भट्ट

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म निर्माता बनना चाहती है।

आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रमोशन्स में व्यस्त हैं। आलिया भट्ट ने बताया है कि वह वह नए टैलेंट को सपोर्ट करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि हमेशा फिल्म में एक्टिंग नहीं हो सकती। आलिया ने कहा, यदि मैं एक निर्माता बनूंगी, तो मुझे प्रॉफिट का एक हिस्सा मिलेगा, जो मेरे लिए काफी बड़ी बात होगी। मेरे लिए ये केवल पैसा नहीं है। ये उस बारे में है, जब मैं करीब 10 सालों में एक निश्चित मुकाम पर पहुंच जाउंगी।

माधुरी दीक्षित ने पति श्रीराम नेने के साथ 'तम्मा तम्मा अगेन' सॉन्ग पर किया डांस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने अपने पति श्रीराम नेने के साथ 'तम्मा तम्मा अगेन' सॉन्ग पर डांस किया है। माधुरी दीक्षित का पति श्रीराम नेने के साथ एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों 'बद्रीनाथ की दुलहनिया' के गाने 'तम्मा तम्मा अगेन' नाचते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को श्रीराम नेने की बर्थडे पार्टी का बताया जा रहा है। फैंस को श्रीराम और माधुरी का यह वीडियो खूब पसंद आ रहा है। फैंस इस वीडियो को खूब लाइक और कमेंट कर रहे हैं।

इस वीडियो को कोरियोग्राफर फराह खान ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है। पोस्ट शेयर करते हुए फराह ने लिखा, 'जन्मदिन की बधाई राम, माधुरी दीक्षित को आप सीरियस कंपीटिशन दे रहे हैं।'

माधुरी जल्द ही नेटफ्लिक्स की ओरिजनल सीरीज 'द फेम गेम' में नजर आने वाली है। सीरीज में माधुरी लीड रोल में हैं और उनके साथ सीरिज में संजय कपूर और मानव कौल भी दिखाई देंगे।

सिंघम 3 में काम करेंगे अजय देवगन!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म में नजर आ सकते हैं। अजय देवगन ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने एक गेम के सवालों का जवाब देते हुए संकेत दिया है कि वह जल्द ही सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस वीडियो में अजय देवगन से कई सवाल किए जा रहे हैं। गेम की शुरुआत में अजय देगवन से पूछा जाता है कि वह सुपरहीरो या सुपर विलेन का किरदार निभाने पसंद करेंगे, जिस पर अजय कहते है कि वह सुपर विलेन का किरदार निभाना पसंद करेंगे। इसके बाद अजय से पूछा जाता है कि वह क्या आप किसी फिल्म का रीमेक बनाना चाहेंगे या सीक्वल पर काम करना चाहेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए अजय देवगन कहते हैं कि वह सीक्वल पर काम करने चाहेंगे। जिसके बाद वीडियो में सिंघम का टाइटल सॉन्ग सुनाई देता है। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर आने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि अजय देवगन जल्द ही सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म में नजर आ सकते हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2011 में प्रदर्शित सिंघम फ्रैचाइजी की पहली फिल्म सिंघम में अजय देवगन ने एक पुलिस अधिकारी बाजीराव सिंघम का मुख्य किरदार निभाया था।

बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी नुपुर सैनन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन की बहन नुपुर सैनन जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं।

नुपुर सैनन, अक्षय कुमार के साथ म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी है। बताया जा रहा है कि नुपुर एक पंजाबी फिल्म के हिंदी रीमेक से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करेंगी। इस फिल्म में नुपुर, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

बताया जा रहा है कि यह फिल्म 'काला शाह काला' की रीमेक है और इसे अस्थायी रूप से 'नूरानी चेहरा' नाम दिया गया है. फिल्म की तैयारी शुरू हो गई है और फिल्म का निर्माण पैनोरमा स्टूडियो, वाइल्ड रिवर पिक्चर्स और पल्प फिक्शन एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर नूपुर सैनन और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की एक झलक इस बात का साफ संकेत है कि ये दोनों फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। नवाजुद्दीन ने नुपुर संग एक तसवीर शेयर की है जिसमें दोनों मुस्कुराते दिख रहे हैं।

अनिल कपूर ने स्कूल के दिनों की तस्वीर शेयर की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर अपने स्कूल के दिनों की तस्वीर शेयर की है। अनिल कपूर अपने लुक और स्टाइल को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। अनिल कपूर अक्सर अपनी पुरानी फोटोज और वीडियो फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपने स्कूलों के दिनों की तस्वीर साझा की है।

अनिल कपूर ने तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा, हो सके तो मुझे पहचानों। अनिल कपूर की तस्वीर को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

न्यूज गैलरी

थोक मुद्रास्फीति जनवरी में 12.96 प्रतिशत

नई दिल्ली (वार्ता)। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति जनवरी 2022 में घट कर 12.96 प्रतिशत पर आ गयी। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी महंगाई के आंकड़ों में दी गयी।

थोक मूल्य सूचकांक में कुछ माह से मासिक आधार पर गिरावट का सिलसिला दिख रहा है। नवंबर 2021 में थोक मुद्रास्फीति 14.87 प्रतिशत और दिसंबर 2021 में 13.56 प्रतिशत थी। थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2021 में 2.5 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि खनिज तेल, पेट्रोलियम और गैस, मूल धातुओं, खाद्य वस्तुओं आदि की कीमतों में पिछले साल जनवरी की तुलना में तेजी के कारण जनवरी 21 में थोक मुद्रास्फीति ऊंची है।

बीसीसीआई ने बेंगलुरु में नए एनसीए का शिलान्यास किया

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह ने सोमवार को बेंगलुरु में एक नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की आधारशिला रखी। इस दौरान गांगुली और शाह के अलावा बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण सिंह और एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण भी मौजूद थे। इस अवसर पर जय शाह ने ट्वीट किया, बीसीसीआई के नए एनसीए का शिलान्यास किया। यह हमारी सामूहिक दृष्टि है कि एक उत्कृष्टता केंद्र बनाया जाए, जो प्रतिभा को निखारे और भारतीय क्रिकेट के इको सिस्टम का समर्थन करे।

कैली हम्फ्रीस ने मोनोबॉब स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

बीजिंग (वार्ता)। अमेरिका की कैली हम्फ्रीस ने रविवार को बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन के दिन महिला मोनोबॉब स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। एथलीट हम्फ्रीस ने 4:19:27 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनके बाद एलाना मेयर्स टेलर ने 4:19:27 समय लेकर रजत और कनाडा की क्रिस्टीन डी ब्रुइन ने 4:21:03 समय लेकर कांस्य पदक जीता। उल्लेखनीय है कि महिला एथलीटों के लिए मोनोबॉब प्रतियोगिता को शीतकालीन ओलंपिक में पहली बार शामिल किया गया है। इससे पहले ओलंपिक में महिलाओं के लिए दो प्रतियोगिताएं थी। जिनमें पुरुषों के लिए दो प्रतियोगिताएं है फॉरमैन और टू मैन।

एक साल में 75 लाख से साढ़े 11 करोड़ पहुंच गए लियाम लिविंग्स्टन

बेंगलुरु (वार्ता)। एक साल पहले लियाम लिविंग्स्टन को राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 75 लाख रूपए में ख़रीदा था। यह उनका बेस प्राइस था। हालांकि आईपीएल 2022 की नीलामी में लिविंग्स्टन के लिए पांच टीमों ने जमकर बोली लगाई। अंत में उन्हें 11.5 करोड़ की राशि देकर पंजाब किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया। इस बार की नीलामी में वह सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। उनके लिए चेन्नई सपुर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमों ने भी बोली लगाई।

लिविंग्स्टन को मिली इस रक़म ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि वह अभी क्रिकेट के दुनिया में सबसे वांछित टी20 खिलाड़ियों में से एक हैं। पिछले 12 महीनों में वह अलग-अलग टीमों के लिए लगातार आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। हालांकि एक बात यह भी है कि वह टी20 विश्व कप में अपनी लय को लेकर काफी संघर्ष कर रहे थे। 5 पारियों में उन्होंने टी20 विश्व कप में मात्र 42 रन बनाए। ख़ैर पंजाब को यह भरोसा है कि लिविंग्स्टन उनकी टीम के लिए एक मैच जिताऊ खिलाड़ी बन कर उभरेंगे।

भले ही लिविंग्स्टन ने इंटरनेशनल टी20 क्रिकेट में सिर्फ़ 20 मैच खेले हों लेकिन इस फॉर्मेट में वह विश्व की ज़्यादातर टीमों को काफी आकर्षित कर रहे हैं। इसका सबसे प्रमुख कारण है कि वह एक बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। वह किसी भी स्थान पर बल्लेबाज़ी कर सकते हैं। साथ ही वह लेग ब्रेक और ऑफ़ब्रेक गेंदबाज़ी कर सकते हैं। इन सभी प्रतिभाओं के अलावा वह सीमा रेखा पर एक शानदार क्षेत्ररक्षक भी हैं।

लिविंग्स्टन ने अपने टी20 करियर का अधिकांश समय लंकाशर के लिए बल्लेबाजी करते हुए बिताया है, लेकिन यह उम्मीद जताई जा रही है कि वह पंजाब के लिए नंबर 4 या 5 पर बल्लेबाजी करेंगे। मयंक अग्रवाल और शिखर धवन बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। पंजाब के मुख्य कोच अनिल कुंबले ने कहा, जॉनी बेयरस्टो और लिविंग्स्टन एक ही टीम के लिए खेलते हैं और यहां भी वह अलग-अलग रोल के साथ हमारे लिए खेल सकते हैं। 2017 में दो मैच खेलने के बाद लिविंग्स्टन को इंग्लैंड के लिए चार साल चतक खेलने का मौक़ा नहीं मिली। इसके बाद साल 2021 में उन्हें टीम में वापस बुलाया गया।

यूक्रेन संकट से शेयर बाजार में कोहराम

मुंबई (वार्ता)। रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण उत्पन्न संकट का असर आज वैश्विक बाजार पर दिखा जिससे घरेलू शेयर बाजार में भी कोहराम मच गया और सेंसेक्स करीब साढ़े पांच महीने के निचले स्तर 56405.84 अंक और निफ्टी 16842.80 अंक पर उतर गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स बिकवाली के दबाव में 1747.08 अंक टूटकर 56405.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 531.95 अंक उतरकर 16842.80 अंक पर रहा। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के साथ ही छोटी और मझौली कंपनियों में भी भारी बिकवाली हुयी जिससे बीएसई का मिडकैप 3.51 फीसद उतरकर 23398.52 अंक पर और स्मॉलकैप 4.51 प्रतिशत गिरकर 27501.30 अंक पर रहा।

बीएसई के सेंसेक्स में शामिल सभी समूह लाल निशान में रहे जिसमें धातु में सबसे अधिक 5.05 प्रतिशत की और आईटी में सबसे कम 1.80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई में कुल 3670 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2978 कंपनियों में बिकवाली हुयी जबकि मात्र 573 कंपनियों में ही लिवाली हुयी। इस दौरान 119 कंपनियों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

नई ओवर-रेट पेनल्टी पाने वाली पहली पुरुष टीम बनी श्रीलंका

सिडनी (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 के आखिरी ओवर में श्रीलंका को 30 गज के घेरे के बाहर केवल चार खिलाड़ियों को रखने की इजाज़त दी गई। ऐसे में वह आईसीसी के टी20 में नए ओवर रेट नियम के तहत पेनल्टी पाने वाली पहली पुरुष टीम बन गई है।

इस नए सिस्टम के तहत टीमों को आखिरी ओवर की शुरुआत पारी की शुरुआत होने के बाद 85वें मिनट में करनी है। श्रीलंका ऐसा नहीं कर पाई और कप्तान दसुन शनाका को बाउंड्री से एक खिलाड़ी 30 गज घेरे में रखने के लिए कहा गया। यह ओवर पदार्पण कर रहे नुवान तुषारा ने किया और 16 रन खाए, जहां पर मैथ्यू वेड ने लेग साइड पर एक छक्का और एक चौका लगाया।

उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट की आलोचना की जाती है कि कभी-कभी खेल लंबा हो जाता है, इसलिए यदि वह पेनल्टी है, तो आपको एक गेंदबाज़ को बताना होगा कि आप 30 गज के घेरे के बाहर पांच नहीं चार खिलाड़ियों के साथ गेंदबाज़ी कर रहे हैं। यह एक बहुत स्पष्ट विकल्प है जिसे वह चाहते हैं। चार पुरुषों के साथ गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल है। मुझे लगता है कि आप उस नियम को संभावित रूप से मैच को बदलते हुए देखेंगे और मुझे इसे देखना अच्छा लगा है। मेरे लिए इन-गेम पेनाल्टी, टीमों को खेल को धीमा करने से रोकने का एकमात्र तरीका है। नया नियम महिला टी20 में एक बार पहले ही लागू हो चुका है, ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में महिला ऐशेज के पहले टी20 के दौरान धीमी ओवर दर के लिए दंडित किया।

खाद्य तेलों में मिलजुला रुख

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल के साथ ही दालों में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 116 रिंगिट बढ़कर 5820 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.51 सेंट की बढ़त लेकर 65.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान सोया रिफाइंड तेल 148 रूपये चढ़ गया जबकि वनस्पति तेल 129 रूपये गिर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पुराने स्तर पर टिके रहे।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे।

जनवरी की खुदरा महंगाई दर छह प्रतिशत के आस-पास रहेगी

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि जनवरी 2022 में महंगाई दर छह फीसदी के करीब रह सकती है। उन्होंने कहा कि यह इसी माह घोषित मौद्रिक नीति समीक्षा में व्यक्त अनुमानों के आस पास ही है और इसको लेकर किसी को आश्चर्य करने की जरूरत नहीं है। श्री दास ने आज यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बजट पश्चात बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति पर नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और 'मुद्रास्फीति को निशाने पर रखना हमारे दिमाग में सबसे ऊपर रहता है।' उन्होंने कहा कि 'भारत और विकासित देशों में मुद्रास्फीति को प्रेरित करने वाले कारक अलग-अलग हैं।' उन्होंने कहा कि भारत में तुलनात्मक आधार के प्रभाव के कारण चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति ऊंची रही लेकिन 'उम्मीद है कि आने वाले समय में यह नरम होगी।' श्री दास ने कहा जनवरी का मुद्रास्फीति का आंकड़ा छह प्रतिशत के आस पास रह सकता है। इस पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि मौद्रिक नीति समीक्षा के वक्तव्य में हमने इसी तरह का अनुमान लगाया है।

एफआईएच प्रो लीग में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 10-2 से रौंदा

पॉचेफस्ट्रूम (वार्ता)। ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ हरमनप्रीत सिंह के चार रोमांचक गोलों से भारत ने एफआईएच प्रो हॉकी लीग मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को 10-2 से करारी मात दी। भारत ने पिछले मैच में फ़्रांस से मिली 0-5 की हार से उबरते हुए इस मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन किया। भारत की हॉकी टीम ने रविवार को ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ हरमनप्रीत सिंह के चार रोमांचक गोलों से दक्षिण अफीका के खिलाफ बढ़त बनायी। जिससे दक्षिण अफ्रीका पहले हाफ में 1-3 से पीछे रहा। भारतीय खिलाड़ी हरमनप्रीत ने 36', 52', 60', 60' वें मिनट में गोल दागे जबकि शिलानंद लाकडा ने 27वें और 48वें मिनट पर भारत की ओर से गोल किए। इसके साथ ही सुरेन्द्र कुमार ने 15वें मिनट में, मनदीप सिंह ने 28वें मिनट में, सुमित ने 45वें और शमशेर सिंह ने 56 मिनट में गोलकर दक्षिण अफ्रीका की आशाओं में पानी फेर दिया। वहीं दक्षिण अफ्रीका की ओर से डेनियल बेल और कॉनर ब्यूचैम्प ने एक-एक गोल किया।

योजना ...

देश भर में सैटेलाइट बेस्ड टेक्नॉलोजी का इस्तेमाल कर किफायती ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करेगा

सैटेलाइट बेस्ड ब्रॉडबैंड के क्षेत्र में उतरी जियो

नई दिल्ली (वार्ता)। अरबपति मुकेश अंबानी की कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स और दुनिया भर में उपग्रह-आधारित कनेक्टिविटी देने वाली कंपनी एसईएस ने सोमवार को जियो स्पेस टेक्नोलॉजी लिमिटेड नाम से एक संयुक्त उद्यम के गठन की घोषणा की।

यह नया संयुक्त उपक्रम देश भर में सैटेलाइट बेस्ड टेक्नॉलोजी का इस्तेमाल कर किफायती ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करेगा। जियो प्लेटफॉर्म्स और एसईएस के साथ संयुक्त उद्यम में क्रमशः 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। संयुक्त उद्यम मल्टी-ऑर्बिट स्पेस नेटवर्क का उपयोग करेगा। इस नेटवर्क में जियोस्टेशनरी (जीईओ) और मीडियम अर्थ ऑर्बिट (एमईओ)

सैटेलाइट्स का इस्तेमाल किया जाएगा। नेटवर्क के मल्टी-गीगाबिट लिंक से भारत समेत पड़ोसी देशों के उद्यम, मोबाइल और खुदरा ग्राहक भी जुड़े सकेंगे

एसईएस 100 जीबीपीएस क्षमता उपलब्ध कराएगा। जिसको जियो अपने मजबूत सेल्स नेटवर्क से बेचेगा। निवेश योजना के हिस्से के रूप में, संयुक्त उद्यम देश के भीतर सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत में व्यापक गेटवे इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करेगा। इस डील के तहत जियो अगले कुछ वर्षों में लगभग 10 करोड़ डॉलर के गेटवे और उपकरण खरीदेगा। संयुक्त उद्यम में जहां एसईएस अपने मॉडर्न सैटेलाइट देगा वहीं जियो, गेटवे इंफ्रास्ट्रक्चर का संचालन व प्रबंधन करेगा।

कंपनी ने बयान में कहा है कि कोविड -19 ने हमें सिखाया है कि नई डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूर्ण भागीदारी के लिए ब्रॉडबैंड तक पहुंच जरूरी है। यह संयुक्त उद्यम भारत को डिजिटल सेवाओं से जोड़गा। साथ ही व दूरस्थ स्वास्थ्य, सरकारी सेवाओं और दूरस्थ शिक्षा के अवसरों तक पहुंच प्रदान करेगा। जियो के निदेशक आकाश अंबानी ने कहा, हम अपनी फाइबर-आधारित कनेक्टिविटी और एफटीटीएच बिजनेस के साथ 5 जी में निवेश जारी रखेंगे। दूसरी तरफ एसईएस के साथ यह नया संयुक्त उद्यम मल्टीगीगाबिट ब्रॉडबैंड के विकास को और तेज करेगा। उपग्रह संचार सेवाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली अतिरिक्त कवरेज और क्षमता के साथ, जियो दूरस्थ शहरों और गांवों, उद्यमों, सरकारी प्रतिष्ठानों और उपभोक्ताओं को नए डिजिटल इंडिया से जोड़ेगा। हम एसईएस की उपग्रह उद्योग में विशेषज्ञता के साथ जुड़ने पर उत्साहित हैं। एसईएस के सीईओ स्टीव कॉलर ने कहा, जियो प्लेटफॉर्म्स के साथ यह संयुक्त उद्यम इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे एसईएस उच्च गुणवत्ता वाले कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए सबसे व्यापक जमीनी नेटवर्क का पूरक हो सकता है, और लाखों लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। हम इस संयुक्त उद्यम के लिए तैयार हैं।

बागान के अभियान पर ब्रेक लगाना गोवा का लक्ष्य

बैम्बोलिन (वार्ता)। एफसी गोवा पिछले मैच में मिली जीत की लय को जारी रखने और एटीके मोहन बागानको जीत की हैट्रिक लगाने से रोकने की कोशिश करेगी, जब ये दोनों टीमें मंगलवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के लीग मुकाबले में भिड़ेंगी।

गोवा ने पिछले मैच में चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी, जब उसने पूर्व चैम्पियनों को 5-0 से रौंदा था। गोवा को सेमीफाइनल में पहुंचने की धूमिल उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए अपने शेष चारों मैच जीतने की जरूरत है। साथी ही उसे अन्य परिणामों के अनुकूल होने की आस लगानी होगी है। चेन्नइयन की हार ने निश्चित रूप से कोच डेरिक परेरा की टीम को नया जीवन दिया है। गोवा के 16 मैचों में चार जीत और छह ड्रा से 18 अंक हैं।

होरे ओर्टिज ने पिछले मैच में अपनी पहली हैट्रिक जमाई थी और वह गोवा के पुनरुत्थान के केंद्र में रहे हैं। इस सीजन में स्पेनिश स्ट्राइकर के गोल की संख्या 7 तक पहुंच गई है। उन्होंने पिछले सीजन में खेले 12 मैचों में छह गोल की संख्या को पीछे छोड़ दिया है। मोहन बागान पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड पर जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया था। यह उसकी लगातार दूसरी जीत रही।

3 लाख उपभोक्ताओं को मिल रहा बिजली बिल हाफ योजना का लाभ

140 करोड़ 94 लाख 52 हजार राशि की मिली छूट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन की बिजली बिल हाफ योजना से गरीब, जरूरतमंद एवं मध्यम वर्गीय परिवार को राहत मिली है। बिजली बिल हाफ योजना से 400 यूनिट तक घरेलू बिजली खपत पर टैरिफ में 50 फीसदी की छूट दी जा रही है। जिले में अब तक 3 लाख 10 हजार 70 उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत छूट मिलने पर 140 करोड़ 94 लाख 52 हजार राशि की छूट प्रदान की गई है। यही वजह है कि विगत 3 वर्षों में घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2019-20 में 2 लाख 93 हजार 503 उभोक्ताओं को 40 करोड़ 90 लाख 28 हजार 997 रूपए की छूट प्रदान की गई। वर्ष 2020-21 में 3 लाख 4 हजार 118 उपभोक्ताओं को 54 करोड़ 85 लाख 85 हजार 636 रूपए की राशि तथा 45 करोड़ 18 लाख 38 हजार 167 रूपए की राशि की छूट उपभोक्ताओं को प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि बिजली बिल हॉफ योजना 1 मार्च 2019 से प्रारंभ हुआ है। इसके अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह खपत की गई 400 यूनिट तक की बिजली पर प्रभावशील विद्युत दरों के आधार पर आधी बिल की राशि की छूट दी जा रही है। इससे पहले उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 4.50 रूपये देने पड़ते थे। वर्तमान में 400 यूनिट बिजली खपत पर प्रति यूनिट 2.50 रूपये देय है। इस योजना के तहत सभी बीपीएल एवं घरेलु श्रेणी के उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। इसी तरह 5 हार्स पावर तक के सिंचाई पंप उपयोग करने वाले सभी किसानों को निःशुल्क विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। बीपीएल श्रेणी के परिवारों को 30 यूनिट प्रतिमाह तक निःशुल्क बिजली प्रदान किया जा रहा है।

'मेरा वोट मेरा भविष्य है - एक वोट की शक्ति' आयोजन में प्रतिभागी ले सकेंगे भाग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से हर वोट के महत्व को दोहराने के लिए एक राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता - 'मेरा वोट मेरा भविष्य - एक वोट की शक्ति' शुरू की है। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम द्वारा राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता लोगों की प्रतिभा और रचनात्मकता का उपयोग करती है, जबकि उनकी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को भी मजबूत करती है। इसका उद्देश्य सभी आयु समूहों के लिए सुलभ एवं क्राउडसोर्सिंग के माध्यम से लोकतंत्र में हर एक वोट के महत्व के विषय पर तैयार किए गए विचारों और सामग्री का जश्न मनाना है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के भाग के रूप में प्रतियोगिता की पांच श्रेणियां हैं जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, वीडियो निर्माण प्रतियोगिता और पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता शामिल है। सभी प्रविष्टियां 15 मार्च 2022 तक ईमेल आईडी voter-contest@eci.gov.in पर प्रतिभागियों के विवरण के साथ जमा कर सकते हैं।

बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम के लिए मोहला में उपचारात्मक शिक्षा की तैयारी

बेसलाइन और एंडलाइन परीक्षा लेकर मोहला में की जा रही मुख्य परीक्षा की तैयारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन राज्य कार्यालय द्वारा जारी निर्देश अनुसार कक्षा 9 से 12 के बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जानी है। इसके तहत विकासखंड मोहला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार देवांगन, समस्त प्राचार्य तथा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए कार्ययोजना का निर्माण किया गया। कार्यशाला में विषय में मोहला बीईओ राजेंद्र कुमार देवांगन ने बताया कि उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार शैक्षिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण के तहत अतिरिक्त कक्षाएं व विशेष कोचिंग गणित, विज्ञान व अंग्रेजी जैसे मुख्य विषयों का संचालित किया जाना है। बेसलाइन व एंडलाइन परीक्षा का आयोजन भी किया जाना है। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा निर्मित प्रश्न पत्र के आधार पर बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराई जानी है। उपचारात्मक शिक्षण के लिए मोहला में आयोजित इस कार्यशाला में बीईओ, समस्त प्राचार्य बीआरसी व गणित, विज्ञान, अंग्रेजी के चयनित विषय विशेषज्ञ शिक्षक उपस्थित रहे। नोडल एपीसी सतीश ब्यौहरे ने कहा कि नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी आरएल ठाकुर के मार्गदर्शन में सभी बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए मोहला टीम के प्रयासों की सराहना की।

जनचौपाल में मिले 55 आवेदन

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी ने सोमवार को आयोजित जनचौपाल में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे 55 नागरिकों की समस्या सुनी। जनचौपाल में संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर एवं जिला अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में आज ग्राम झरगांव के देवकी व दसमत मरार ने बिजली बिल की अधिक राशि आने की शिकायत की। वहीं बुइरगांव के रूखमणी बाई ने राशन कार्ड में नाम जोड़ाने एवं काटे गए नाम को पुनः जोड़ने आवेदन दिया। ग्राम दर्रीपारा के हिमानी देवांगन तेंदूपत्ता बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनकी मां की आकस्मिक मृत्यु हो गई है। ग्राम खरहरी के वार्ड क्रमांक 07 के नागरिकों ने पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराने,ग्राम पंडरीपानी में अतिवृष्टि से हुए मकान क्षतिग्रस्त का मुआवजा दिलाने, शासकीय भूमि में अवैध कब्जा को हटाने के लिए पीपरछेड़ी के ग्रामीणों ने आवेदन सौंपा।

स्वदेशी मेला का आयोजन 4 से 10 मार्च तक

रायपुर/नवप्रदेश। स्वदेशी जागरण फ उंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र ब्ठडक् द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला का आयोजन दिनांक 04 मार्च से 10 मार्च तक साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित है जिसकी बड़ी बैठक क्षेत्रीय अधिकारीयों के साथ आज सरस्वती शिक्षण संस्थान में संपन्न हुई। जिसमे स्वदेशी के कार्यकर्ताओ को विभिन्न प्रभार दिया गया। इस वर्ष के संयोजक प्रवीण देवड़ा और सह संयोजक शताब्दी पांडेय व कुंवर रजियंत ध्रुव, कार्यक्रम प्रमुख अमरजीत सिंह छाबड़ा को नियुक्त किया गया है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया की स्वदेशी मेला का आयोजन प्रतिवर्ष स्वदेशी वस्तुओ उत्पादों कंपनियों और लघु उद्योग, कुटीर समूहों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगाया जाता रहा है। शहर वासियों को इस मेले का बेसब्री से इंतजार रहता है। विभिन्न राज्यों के स्टॉल लगेंगें जिसमें स्वदेशी वस्तुओं का विक्रय होगा, साथ ही मेला स्थल पर प्रतिदिन बच्चों एवं महिलाओ के लिए विविध प्रतियोगिताएँ संपन्न होगी।

मेले में व्यवस्था की दृष्टि से अन्य प्रभार भी दिए गए है। प्रमुख उपस्थिति प्रान्त संयोजक मोहन पवार, प्रवीण मैशरी, उमेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अभा सह महिला प्रमुख डा शीला शर्मा, भावि प्रबंधक सुब्रत चाकी, अमर बंसल, आशु चंद्रवंशी, डॉ सलीम राज, नवीन शर्मा, इंदिरा जैन, विवेक बर्धन, सुधीर फ ौजदार, कन्हैया महतो, महानगर संयोजक दिग्विजय भाकरे, पत्रिका व् विपणन प्रमुख आर जगत, जयेष पंचाल, मावजी भाई पटेल, सुचित्रा बर्धन, अर्चना भाकरे, तृष्णा साहू, निधि झा, नेहा ठाकुर रामकुमार वर्मा, होरीलाल साहू, राजमोहन बाग, राहुल देव पंत, विकास तांडेकर, तृप्ति चौहान, जगजीवन दास मानिकपुरी, गिरिजा शर्मा, ज्योति देवांगन, सुमन सिंह, पूर्णिमा मानिकपुरी, अनिता श्रीवास्तव, रंजिता बघेल, नीता तनखीवाले, अर्चना वोरा, नितांजली दलाल, निशा समदुरकर, पी कुमार राव, शीबू जाल, विमल भुईया, इंद्र बघेल, दुलारी शांडिल्य, हेमलता महाजन, रोशन, छत्रपाल साहू, शेख आसिफ, धर्मेन्द्र कौशिक, मोहन साहू स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

पीने का पानी की समस्या दूर मंत्री अकबर ने कराया बोर खनन

कवर्धा/नवप्रदेश। वार्डवासियों की मांग पर मंत्री व कवर्धा विधायक मो.अकबर ने तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए घोठिया मार्ग में तालाब निर्माण हेतु तत्काल बोर खनन का कार्य कराया। वार्ड 26 के पार्षद सुनील साहू ने बताया कि वार्ड में तालाब नहीं होने के कारण वार्डवासियों के लिए पानी की समस्या बनी रहती थी। पानी की समस्या को देखते हुए विगत वर्ष मंत्री व कवर्धा विधायक मो. अकबर ने तालाब निर्माण हेतु घोठिया मार्ग में मुरूम खदान को चिन्हांकित करते हुए स्वीकृति प्रदान की। अभी वर्तमान में पानी की समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा को अवगत कराया गया। नपाध्यक्ष ने तत्काल कवर्धा विधायक से दूरभाष पर चर्चा कर पानी की समस्या को लेकर चर्चा की तथा बोर खनन किये जाने की आवश्यकता बताई। आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मंत्री द्वारा आज बोर खनन कराया गया। बोर खनन हो जाने से वार्डवासियों को पानी की समस्या से निजात मिल गई है।

मार्च में राशन कार्डधारियों को 2 माह का किया जाएगा चावल वितरण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत प्रचलित सभी राशन कार्डधारियों को माह मार्च एवं अप्रैल 2022 के लिए पात्रतानुसार चावल का आबंटन एवं वितरण माह मार्च 2022 में किए जाने का निर्णय लिया गया है। नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा जिले की राशन दुकानों में आगामी माह में दो माह के आबंटन के अनुरूप चावल का भंडारण कराया जा रहा है। माह मार्च 2022 में 2 माह के भंडारित खाद्यान्न की निगरानी समिति के माध्यम से तथा खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य अधिकारी के निरीक्षण में कराया जाएगा। हितग्राहियों को 2 माह की पात्रता का केवल चावल एकमुश्त वितरण कराया जाएगा। अन्य सामग्री नमक, शक्कर, केरोसिन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना की माहवार पात्रता अनुसार ही वितरण कराया जाएगा।

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति की परीक्षा 27 फरवरी को

महासमुंद/नवप्रदेश। केन्द्र द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति की परीक्षा (एनएनएमएसई) रविवार 27 फ रवरी को आयोजित है। वर्तमान सत्र 2021-22 में कक्षा आठवी में अध्ययनरत जिन छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है, वे इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 1 बजे से 3 तक आयोजित है। परीक्षा केन्द्र शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुन्द को बनाया गया है।

टिकुलिया में हुआ विकास कार्यो का भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत टिकुलिया में बनने वाली सीसी रोड और नाली निर्माण का भूमिपूजन विधायक शिवरतन शर्मा व जिपं सभापति कविता देवांगन ने किया। 17 लाख की सीसी रोड, 9.68 लाख कोविड भवन व सीसी नाली का निर्माण किया जाएगा। ग्राम टिकुलिया में विकास कार्य का भूमि पूजन होने पर विधायक और कविता कूमलेश देवांगन ने ग्रामवासियों को बधाई दी। इस दौरान इंजीनियर केके देवांगन, जपं सदस्य रोशन साहू, सरपंच रेखा संतोष साहू सहित ग्राम के पंचगण और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

सीजीपीएससी एग्जाम 1297 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. मोतीलाल बाचकर ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, संयुक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिले में परीक्षा के लिए 16 केन्द्र बनाये गए थे। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए कुल 6535 परीक्षार्थी ने आवेदन किया था।

श्रमिकों के लिए वरदान साबित हो रही मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों एवं मोहल्लों में निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ देने राज्य शासन द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना श्रमिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से वार्डो में जाकर निःशुल्क बीमारियों की जांच कर दवा का वितरण किया जा रहा है। शासन से प्राप्त जिले में कुल 7 मोबाईल मेडिकल यूनिट है। नगर निगम क्षेत्र में 4 मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से प्रतिदिन श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों एवं वार्डो में जाकर निःशुल्क जांच कर रही है जिसका जिले में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा श्रमिकों के घर के निकट जाकर सेवाएं दी जा रही है। इस महत्वपूर्ण सेवा से श्रमिक लाभान्वित हुए और उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। नवम्बर में 4 मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से नगर के 13 हजार 451 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसका औसत प्रति एमएमयू 140 रहा, जो पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। एमएमयू मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन वार्डो में जाकर कोरोना का टीकाकरण भी कर रही है और निःशक्तजनों को घर जाकर वैक्सीनेशन की सुविधा प्रदान कर रही है। अब तक 10 हजार 8 सौ 35 लोगों को मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। चारो मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन निगम सीमाक्षेत्र में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से वार्डो एवं श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में निर्धारित दिन तथा तिथि के अनुसार जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे है जिसमें लोग स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ निःशुल्क लैब टेस्ट एवं निःशुल्क दवा का लाभ ले रहे है।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202112103800020
अ-20 (3)/2020-21

आवेदक सुभाष बाकलीवाल आ. स्व. घीसूलाल निवासी हटरी बाजार दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 डी प्लाट नं. 147/5 का टु. क्षेत्रफल 31.37 वर्गमीटर भूमि विक्रेता नेमीचंद जैन आ. बंशीलाल से पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.03.2002 द्वारा क्रय किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रय शुदा भूखंड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.01.2022 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 16(3) वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश कुर्रे आ. लमछोर कुर्रे अन्य 02, सभी निवासी ग्राम खम्हरिया वार्ड नं. 02 पो. पुरई थाना उतई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) विरूद्ध अनावेदक श्रीमती अमरिका पति श्री झालर ओगरे अन्य 17 द्वारा मौजा पोटियाकला प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. दुर्ग 1 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में खसरा नं. 91 रकबा 1.11 एकड़ अर्थात 0.449 हे. भूमि के 13 व्यक्तियों को पृथक-पृथक 0.028 हे. कुल 0.364 हे. भूमि का विक्रय करने के उपरांत शेष रकबा 0.085 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश दर्ज नहीं हुआ है जिसे त्रुटि सुधार कर राजस्व अभिलेखों का शुद्धिकरण कर स्व. जेठू पिता स्व. नजरू के वारिस के रूप में आवेदकगण-1. जगदीश कुर्रे आ. स्व. लमछोर कुर्रे 2. बसंत कुर्रे आ. स्व. लमछोर कुर्रे 3. श्रीमती केरा बाई पति स्व. लमछोर कुर्रे सभी निवासी ग्राम खम्हरिया वार्ड नं. 02 पो. पुरई थाना उतई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं अनावेदकगण 1. श्रीमती अमरिका पति झालर ओगरे, निवासी दारगांव मोहरेंगा पो. धमधा, तह. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) 2. श्रीमती रेखा पति श्री मनोज बंजारे निवासी स्टेशनपारा, राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) 3. श्रीमती चित्रा पति श्री डोमार बख्शी, निवासी घुमका पो. जगनाथपुर जिला बालोद (छ.ग.) 4. श्रीमती सरोज पति श्री प्रमोद गेंडरे निवासी मुसलमान शमशान के सामने, आजाद चौक रामनगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम दर्ज करने का आवेदन पत्र मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर/ दावा पेश करना हो तो पेशी दिनांक 25/2/22 तक स्वयं अथवा स्वयं के द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति-आक्षेप सेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 7/2/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दुर्ग

प्रथम पृष्ठ का शेष...

खुलेआम कमीशनखोरी! विधायक...

50 हजार रुपए की रकम भर कर दिया लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा उन्हें 48 हजार रुपए की राशि दी गई और 2 हजार रुपए कमीशन के तौर पर काट लिया गया।

विधायक ने किसानों से की अपील

विधायक ने किसानों से कहा की राज्य की भूपेश सरकार धान की पूरी राशि दे रही। किसी प्रकार कोई कमीशन सरकार नहीं काट रही, लेकिन अगर कोई भी आपसे पैसे मांगता है तो आप मुझे जानकारी दें। ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। विधायक के आश्वासन पर ग्रामीण खुश नजर आए। विधायक ने पुलिस विभाग को तत्काल इस मामले की जांच कर कार्यवाई करने के निर्देश दिए हैं।

परिवारवादियों का बस...

क्षेत्रों के मतदाताओं ने भी वर्चुअल माध्यम से मोदी के संबोधन को सुना।

भारत के पीएसएलवी...

लिए संयुक्त भारत-भूटान मिशन के अग्रदूत उपग्रह 'इन्सैट-2डीटी' के साथ प्रक्षेपित किया गया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम बिल्कुल योजना के अनुसार ही रहा।

यह एसडीएससी शार, श्रीहरिकोटा से 80वां, पीएसएलवी की 54वीं उड़ान और एक्सएल विन्यास में पीएसएलवी की 23वीं उड़ान (6 स्ट्रैप-ऑन मोटर्स) प्रक्षेपण यान मिशन था।

देश में कोरोना के सक्रिय...

मामलों में पहले स्थान पर है, जहां पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 21,014 की कमी आने से इनकी संख्या घटकर 1,61,104 रह गयी। वहीं 32,004 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 61,84,080 हो गयी है, जबकि 146 लोगों की मौत होने के बाद मृतकों का आंकड़ा 62,199 हो गया है।

महाराष्ट्र कोरोना के सक्रिय मामलों में दूसरे स्थान पर है, जहां पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 6,330 घटकर 49,876 रह गये। इस दौरान राज्य में 9,815 लोग स्वस्थ हुए, जिसके बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 76,49,669हो गयी। इस महामारी से 17 और लोगों की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 143404 हो गया।

ज्योतिरादित्य सिंधिया के...

प्रगाढ़ संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि इसी वजह से उनके समय में वे ग्वालियर, भिंड और मुरैना जिले का दौरा तक नहीं करते थे।

40 शहीदों की...

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलवामा हमले में बलिदान हुए मां भारती के अमर वीर जवानों को शत शत नमन। आप सबका बलिदान समाज पर ऋण है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पुलवामा हमले को याद करते हुए कहा कि हमारे जवान शोक से ज्यादा के हकदार हैं। यह भी पता चलना चाहिए कि गलती कहां हुई। इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कौन था। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसा फिर कभी न हो। अगर ऐसा होता है तभी उन जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी।

चन्नी के हेलिकॉप्टर...

पर संज्ञान नहीं लेता है, तो मैं समझूंगा कि ये चुनाव एक तमाशा है, एक दिखावा है।' बता दें कि पंजाब में 20 फरवरी को मतदान होगा और वोटों की गिनती 10 मार्च को होगी।

सुनील जाखड़ ने कहा, 'कुछ दिन पहले पीएम ने कहा था कि जब वह पंजाब आए तो उन्हें फिरोजपुर नहीं जाने दिया गया और उनकी जान को खतरा था। आज जब चरणजीत सिंह चन्नी को होशियारपुर आने से रोका जा रहा है, तो मैं मोदी साहब से अनुरोध करता हूं कि इस पर कुछ कहिए।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

क्र./169/लो.क.वि./न.पा./2022 — कुम्हारी, दिनांक 11/02/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	अनु. ला. (लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
92820	जल कार्य एवं आफिस कार्य हेतु कुशल एवं अकुशल 100 श्रमिक आपूर्ति कार्य।	130.74	02.03.2022

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुम्हारी

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूच ना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी बेलभाठा (अभनपुर) जिला रायपुर में स्थित अटल आवास योजनांतर्गत निर्मित अटल आवास भवन क्र.-354 श्रीमती अंजू घेवरिया पति श्री मकसुदन घेवरिया के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रं. 4418 दिनांक 31.10.2008 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दि. 17.12.2009 को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में मूल आबंटी श्रीमती मंजू घेवरिया पति श्री मकसुदन घेवरिया, पता- गोबरा नवापारा राजिम, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री गोविन्द राम पिता श्री कार्तिक राम पता- म.नं. 356 वार्ड नं. 18, विद्यालय पारा मरौद, तहसील कुरूद जिला धमतरी के नाम पर विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता श्री गोविन्दराम पिता श्री कार्तिक राम के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः उक्त भवन/भूखण्ड को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किए जाने पर किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूच ना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी खिलौरा जिला रायपुर में स्थित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत निर्मित एलआईजी भवन क्र. 124 श्री राकेश अग्रवाल पिता श्री लीलाधर अग्रवाल के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 794 दिनांक 27.01.2009 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 25.07.2013 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी श्री राकेश अग्रवाल पिता श्री लीलाधर अग्रवाल निवासी- ग्राम व पोस्ट कसडोल जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) की मृत्यु दिनांक 03.05.2014 को हो जाने के कारण उनकी धर्मपत्नि श्रीमती सन्जू देवी अग्रवाल पति स्व. श्री राकेश अग्रवाल निवासी ग्राम व पोस्ट कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, पारिवारिक सहमत पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन श्रीमती सन्जू देवी अग्रवाल पति स्व. श्री राकेश अग्रवाल के नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन का मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ती श्रीमती छबि साहू पति श्री दिनेश्वर साहू उम्र 35 वर्ष निवासी- मकान नं. 64 धोबीपारा, शिव मंदिर के पास नेवई बस्ती भिलाई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पुत्र के नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिसमें मेरे पुत्र का नाम लोकेश साहू दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका आधार नं. 7842 5266 1773 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम लोकेश साहू दर्ज है।
4. यह कि मेरा पुत्र कक्षा आठवीं का नियमित छात्र है जिसके कक्षा पहली से कक्षा सातवीं के शालेय दस्तावेजों में नाम लोकेश्वर साहू दर्ज हो गया है। यह कि मैं अपने पुत्र का नाम लोकेश साहू के नाम से गट प्रकाशन करवाना चाहता हूं जिसकी सत्यता के समर्थन में उक्त शपथ पत्र श्रीमान के सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका -01 से 04 तक दी गई जानकारी मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सही एवं सत्य है अतः आज दिनांक को पढ़कर, समझकर सुनकर सही होना पाकर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202202101000034
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
कुरूद प.ह.नं. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - श्रीमती शांति मैठानी,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक श्रीमती शांति मैठानी पति रत्नाकर मैठानी पता- भिलाई सुपेला द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ, रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 764 कुल रकबा 0.630 हे. में से रकबा 0.009 हे./1000 वर्गफुट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 19/01/2021 को विक्रेतागण, गोकुल पटेल पिता महाराजी पटेल अन्य 16 के तरफ से आम मुख्त्यार खिलेश्वर पटेल पिता नीलकंठ पटेल निवासी कुरूद भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.02.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 01/02/2022 को जारी किया जाता हैं।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202202101000035
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
कुरूद प.ह.नं. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - श्रीमती रेखा मैठानी,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक श्रीमती रेखा मैठानी पति रजनीश मैठानी पता- भिलाई सुपेला द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ, रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 764 कुल रकबा 0.630 हे. में से रकबा 0.009 हे./1000 वर्गफुट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 19/01/2021 को विक्रेतागण, गोकुल पटेल पिता महाराजी पटेल अन्य 16 के तरफ से आम मुख्त्यार खिलेश्वर पटेल पिता नीलकंठ पटेल निवासी कुरूद भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.02.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 01/02/2022 को जारी किया जाता हैं।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

एक्सिस बैंक
असेट सेल्स सेंटर, सेकंड फ्लोर, चावला चैंबर्स, न्यू बस स्टैंड के सामने, जीवन बीमा मार्ग पंडरी रायपुर, 492004

अपॉडक्स 4 रूल 8 (1)
कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति)

यहां, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा एक्सिस बैंक के अधिकृत अधिकारी होने के नाते वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत व धारा 13(12), जिसमें उक्त अधिनियम के नियम 3 का भाव निहित है, के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए **24.04.2021** को कर्जदार एवं गारंटर **श्री राज कुमार पाण्डेय** पिता श्री महेन्द्र नाथ पाण्डेय को डिमांड नोटिस जारी कर उन्हें नोटिस में उल्लेखित रु. **7,88,040.00** (सात लाख अट्ठयासी हजार चालीस रुपए मात्र) की राशि का नोटिस प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर भुगतान करने के लिए कहा था, जो कि लोन अकाउंट नंबर LPR013901071310 के अंतर्गत **23.04.2021** की स्थिति में एग्रीमेंट रद्द हो जाने के कारण देय थी (इस राशि में 23.04.2021 तक लगा ब्याज भी समाहित है)।

लेकिन कर्जदारों और गारंटरों के द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल होने के कारण अब कर्जदारों/गारंटरों व जनता को आम तौर पर नोटिस दिया जा रहा है कि नीचे उल्लेखित संपत्ति का भौतिक आधिपत्य अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4), जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 का भाव निहित है, से उसे प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए **10 फरवरी 2022** अपने पास ले लिया है।

कर्जदारों को खास व जनता को आमतौर पर आगाह किया जाता है कि निम्न संपत्ति संबंधी कोई डील न करें और प्रापर्टी से जुड़ी कोई भी डील **एक्सिस बैंक लिमिटेड** द्वारा एग्रीमेंट खत्म होने के कारण लोन अकाउंट नंबर LPR 013901071310 के अंतर्गत 23.04.2021 की स्थिति में वसूल की जाने वाली रु. **7,88,040.00** (सात लाख अट्ठयासी हजार चालीस रुपए मात्र) की राशि (जिसमें 23.04.2021 तक लगा ब्याज समाहित है) व इस पर आगे लगे ब्याज से जुड़ा विषय होगा।

संरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय को लेकर कर्जदारों का ध्यान सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

संपत्ति का ब्योरा : खसरा नं. 376 (भाग) प.ह.नं. 107, गुढ़ियारी वार्ड नं. 09 ठक्कर बापा वार्ड, मौजा-गुढ़ियारी, जिला-रायपुर (छ.ग.) 492001

सीमाएं : उत्तर- विक्रेता की जमीन दक्षिण- विक्रेता की जमीन, पूर्व- रोड. पश्चिम- देवांगन की जमीन।

दिनांक : 15.02.2022
स्थान रायपुर

सही/- सुभीश कृष्णन, अधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

राजस्व कार्यालयों में बटांकन से लेकर रजिस्ट्री तक लूट : सांसद साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के देवभोग दौरे पर पहुंचे महासमुंद सांसद चुन्नीलाल साहू ने प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने प्रदेश सरकार को गरीब विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नहीं चाहती कि गरीबों को पक्का मकान नसीब हो। इसलिए राज्य सरकार पीएम आवास के लिए जारी राशि को वापस भेज रही है। सांसद ने बताया कि गत वर्ष केंद्र सरकार से राज्य सरकार को 6 लाख 70 हजार मकान बनाने के लिए राशि जारी हुई थी मगर राज्य सरकार केवल एक लाख मकान ही निर्माण कर पायी। शेष राशि वापस भेज दी। उन्होंने राज्य सरकार की कार्यशैली को हास्यप्रद बताया है। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्का मकान मुहैया कराना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। केंद्र सरकार ने इस वर्ष देश मे 80 लाख पीएम आवास निर्माण के लिए 48 हजार करोड़ की राशि स्वीकृत की है। केंद्र सरकार के बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट में सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है। गांवों के विकास पर विशेष फ ोकस किया जा रहा है। गांव सर्व सुविधायुक्त हो इसको लेकर अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं को गिनाते हुए उन्होंने बताया कि पीएम ने सबसे पहले ग्रामीण महिलाओं को धुंए से निजात दिलाने के लिए उज्वला योजना शुरू की। फिर स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर शौचालय निर्माण कराया। इसके बाद गरीबों को पक्का आवास मुहैया कराया। अब सरकार घर-घर स्वच्छ पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की योजना पर काम कर रही है। सांसद ने बताया कि केंद्र सरकार दो साल में साढ़े 5 करोड़ परिवारों को नल से जल उपलब्ध करा चुकी है। योजना निरंतर प्रगति पर जारी है। इस वर्ष 3 करोड़ 80 लाख परिवारों को शुद्धपेजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार ने 60 हजार करोड़ की राशि जारी की है।

शिक्षा पर भी जोर दे रही केंद्र सरकार

सांसद ने बताया कि कोरोना काल मे बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई पर भी सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। 12 चैनल से बढ़ाकर 200 चैनल कर दिए गए है। किसानों को रसायनिक खेती से ऑर्गेनिक खेती को ओर बढ़ावा देने बजट में व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण विश्व के बड़े से बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था चरमरा गई है जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से खड़ी रही। उन्होंने कहा कि देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है और यह बजट आत्म निर्भर बजट है।

तहसील कार्यालयों में मची है लूट

गरियाबंद जिला प्रशासन की कार्यशैली पर भी उन्होंने नराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा शिकायतें तहसील कार्यलयों से उन्हें मिल रही हैं। खासकर बटांकन से लेकर रजिस्ट्री तक किसानों से लूट खसोट की जा रही है। किसान बेहद परेशान है। उन्होंने इसको लेकर जल्द ही सड़क की लड़ाई लड़ने की बात कही है।

न्यूज गैलरी

साजा पुलिस ने 2 सट्टोरियों को पकड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुखबिर की सूचना पर साजा पुलिस ने 2 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1350 रुपए नकदी, सट्टा पट्टी व अन्य सामग्री बरामद की। दोनों आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कौदवा चौक में सट्टा पट्टी लिखने की सूचना पर दबिश दी गई। जहां आरोपी रमेश बंजारे कोदवा बस स्टैण्ड और मोहभट्ठा निवासी रवि यादव को कोदवा चौक में सट्टा पट्टी लिखते हुए पकड़ा गया।

अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन ने 7.41 लाख का लगाया जुर्माना

बेमेतरा/नवप्रदेश। छग शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय रायपुर एवं कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के द्वारा अवैध उत्खनन/परिवहन पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था, जिस संबंध में बेमेतरा अंतर्गत 28 जनवरी से 3 फरवरी 2022 तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सर्व, तहसीलदार सर्व, पुलिस विभाग एवं खनिज विभाग बेमेतरा के द्वारा संयुक्त जांच किया गया एवं अवैध परिवहन रेत-13, गिट्टी-16, मुरूम-2, बोल्डर पत्थर-4, ईंट-3, डोलोमाइट-2 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिससे शासन को 7 लाख 16 हजार 340 रू. अर्थदण्ड प्राप्त हुआ है। अवैध मुरूम उत्खनन का 1 प्रकरण दर्ज किया गया है जिससे शासन को 25 हजार रू. अर्थदण्ड प्राप्त हुआ है।

बजरंग दल के युवाओं ने वृध्दा आश्रम में मनाया मातृ-पितृ दिवस

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा के बजरंग दल के युवाओं के द्वारा मातृ-पितृ पूजन दिवस वृद्धा आश्रम में जाकर वहां पुष्प हार पहना कर उनका अभिनंदन किया और मिठाई और फल देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त। आश्रम में सभी बुजुर्ग माता-पिताओं की स्वस्थ्य की जानकारी ली जिससे उन बुजुर्गो का हौंसला बढ़े और कई लोग आज के दिन को वेलेंटाइन डे के रूप में मानते हैं लेकिन बजरंग दल के द्वारा भारतीय संस्कृति को देखते हुए आज के दिन को मातृ- पितृ पूजन दिवस के रुप में मनाया। जिला संयोजक सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि बजरंग दल हमेशा से आज के दिन को मातृ- पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाते आ रहा है। इस अवसर मे नगर प्रमुख केदार नानू राजपूत, राजा गुप्ता, कपिस तिवारी, देवेन्द्र ठाकुर, बिजेंद्र, तरुण, प्रकाश, प्रांजल, रूपेश आदि बजरंग दल के बजरंगी उपस्थित थे।

सौरभ ने बढ़ाया ग्राम पंचायत औंधी का मान, एमबीबीएस में हुआ चयन

औंधी/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के मानपुर ब्लाक के अंतिम छोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत औंधीं के सौरभ मेश्राम का चयन नीट के एग्जाम में एमबीबीएस में 21 रैंक के साथ बिलासपुर में हुआ है। उनके चयन पर उनके बड़े पापा डीपी नोन्हारे, चंद्रशेखर मेश्राम, भानुप्रताप सिंह मेश्राम उनके परिवार के सदस्यगण सहित ग्राम पंचायत औंधीं के सरपंच कैलाश बाई ठाकुर ने बहुत बधाई दी। क्षेत्रीय बौद्ध समाज औंधी के समस्त ने बधाई दी, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सौरभ मेश्राम जवाहर नवोदय डोंगरगढ़ में शुरू से ही मेघावी छात्र रहे हैं। घर में रहकर ही अध्ययन करके नीट की परीक्षा में कामयाबी हासिल किया है। उन्होंने अपना श्रेय माता संध्या मेश्राम, पिता लोमेश मेश्राम, शिक्षक औंधी गुरुजनों एवं परिवार की सदस्यों को दी है। सौरभ शुरू से ही पढ़ाई-लिखाई पर कामयाब रहते रहे। इस खुशी का माहौल पूरे क्षेत्र गूंज उठा है।

जिला युवा सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए रिनेश हुए सम्मानित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नेहरू युवा केंद्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा जिला युवा सम्मेलन में कोरोना काल में कोविड 19 जागरूकता अभियान, टीकाकरण महाअभियान में कार्य कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक रिनेश वर्मा को लंबे समय कोविड को लेकर जागरूकता अभियान व टीकाकरण महाअभियान को लेकर उत्कृष्ट कार्य हेतु दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव विधानसभा, अध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, डॉ. सुरेश पटेल जिला संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना, देवेश कुमार युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र, आरती मिश्रा, अमनदीप साहू, राहुल जेमा ने रिनेश वर्मा को मोमेंटो व शाल देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सिंघी व नरतोरा में पानी टंकी निर्माण के साथ होगा पाइपलाइन का विस्तार

संसदीय सचिव ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत नरतोरा और सिंघी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी के साथ पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा। आज सोमवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। सोमवार को ग्राम पंचायत नरतोरा और सिंघी में पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के सदस्य मोहित ध्रुव, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर, जिपं सदस्य सीमा देवानंद निर्मलकर, सुशीला टंडन, सीटू सलूजा, लमकेश्वर साहू, सोनू राज, आलोक नायक, कमलेश चंद्राकर, मयाराम टंडन, राजू दीवान, विवेक पटेल, देवानंद निर्मलकर, आवेज खान मौजूद थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने पूजा-अर्चना कर पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण के लिए भूमिपूजन किया। ग्राम नरतोरा में तीन लाख की लागत से विधायक निधि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भी भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार कार्यकाल में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, सड़क, बिजली सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि कुछ महीने में पानी टंकी का निर्माण होने के साथ ही पाइपलाइन का विस्तार हो जाएगा। इससे ग्रामीणों के घरों तक साफ पानी की सप्लाई हो सकेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उषा नामदेव, हेमपुष्पा पटेल, सुखवंतीन मन्नाडे, सुमित्रा यादव, कुंती यादव, ममता पटेल, मोंगराबाई, आसबाई पटेल, पुरूषोत्तम ढीढी, तीरथराम पटेल, भारत पटेल, देवराज पटेल, राजकुमार टंडन, नेतराम पटेल, भुवन पटेल सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ियों को ठगने का काम कर रही है कांग्रेस : नीलू शर्मा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के शराब बंदी संभव नहीं वाले बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शराब और आदिवासी समाज को जोड़ कर छत्तीसगढ़िया को ठगने का कार्य कर रही है। आदिवासी समाज के लिए शराब को संस्कृति बताना कांग्रेस की विकृत मानसिकता को उजागर करता है। पूर्ण शराबबंदी का वादा पूरा करने में विफल हो चुकी छत्तीसगढ़ कांग्रेस और कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम दिगभ्रमित हो चुके हैं और यही उद्भ्रांत उनके बयान में भी नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि मोहन मरकाम के ताजा बयान पिछले दिनों संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत को शराबबंदी का सवाल सुनाई नहीं देना इस बात को स्पष्ट करता है कि कांग्रेस ने केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता से पूर्ण शराबबंदी का झूठा वादा किया था। वेद पुराण से शराब के वर्णन पर श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की ओछी मानसिकता उनके अध्यक्ष के कहे इस बात से ही साफ नजर आती है। वेद पुराणों में

जिसका उल्लेख है उसे सोमरस कहते है जो जड़ी-बूटियों से तैयार किया गया एक आयुर्वेदिक पेय होता है, जबकि शराब पीने को सुरा पान कहा गया है, इनके अनर्गल बयान से स्पष्ट होता है कि गंगाजल जैसी पवित्र वस्तु कांग्रेस के लिए कोई मायने नहीं रखती तभी ये हाथ में गंगा जल लेकर झुठी कसमें खाकर सत्ता में आए है। साफ है कि बघेल सरकार की मंशा शराब बंदी की कभी थी ही नहीं और अब इनके प्रदेश अध्यक्ष संगठन के माध्यम से अपने मुखिया की मंशा से सरकार की कोरी नीतियों से जनता को वाकिफ करा रहे है।

आधार कार्ड की सुविधा अब लोगों को साजा में भी मिलेगी

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा में अब तहसील कार्यालय में आधार बनाने, आधार कार्ड सुधार एवं आधार से संबंधित समस्त कार्यो का संचालन लोक सेवा केंद्र में तहसील में प्रारम्भ हुआ। जिससे आधार कार्ड से संबंधित कार्यो के लिए आम जनता, नगर एवं आस पास में निवासरत व्यक्तियों को पहले जिला मुख्यालय, देवकर, धमधा, चारभाठा, बिरोडा आदि स्थानों पर भटकना पड़ता था। अब इस आधार सुविधा केंद्र की शुरुवात होने से लोगों को सुविधा व आसानी होगी। इसके लिए नगरवासियों व लोगों ने कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे का धन्यवाद दिया। इस सुविधा केंद्र के आज शुभारंभ पर मनोज जायसवाल विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत साजा, पार्षद अवधेश गोयल एवं सागर सिन्हा सहित अनेक लोग उपस्तिथ रहें।

मनवा कुर्मी समाज की बैठक में 20 प्रकरणों का हुआ निदान

अर्जुनी/भाटापारा। समीपस्थ ग्राम देवरी (सुमा) में छ.ग. मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनीराज की बैठक संपन्न हुई, बैठक में आदर्श विवाह, महाधिवेशन व सामाजिक प्रकरण को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुवात राष्ट्रीय गीत से हुई। इस अवसर पर राजप्रधान भुनेश्वर वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय मे पढ़ाई के साथ बच्चों में संस्कार में डालने की जरूरत है संस्कार की कमी से आज समाज मे अनेको विषय आते है। इसके साथ ही अंत्योष्टि में परिस्थितियों में बदलवा हुआ है, कफ न के जगह में आर्थिक रूप से उस परिवार का सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित संतोष वर्मा ने कहा कि परिवार के सदस्यों को उनके अनुकूल होना चाहिए, अभी के समय में परिस्थिति कठिन है बच्चों को समय के साथ ढालते रहना चाहिए। महिला अध्यक्ष विद्या वर्मा ने कहा कि हर प्रकरण में महिलाओं को भी जानकारी होनी चाहिए, जिससे महिला वर्ग भी सभी बातों से अवगत हो। बैठक में बीस सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। ग्राम प्रमुख अश्वनी वर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आभार व्यक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से राज के गंगा प्रसाद वर्मा, पूर्व राज प्रधान चिंता राम वर्मा, कार्यालय सचिव किशोर वर्मा, अरुण वर्मा, किशोर वर्मा, महिला अध्यक्ष विद्या वर्मा, क्षेत्रप्रधान पदुम वर्मा, गोपाल वर्मा, सुरेश वर्मा, युवाध्यक्ष दिनेश वर्मा, युवा सचिव गोविंद वर्मा, मीडिया प्रभारी घनश्याम वर्मा, ग्राम प्रमुख अश्वनी वर्मा, युवा संरक्षक दीपक वर्मा, सुन्दरकान्त वर्मा, युवा महामंत्री जितेंद्र वर्मा, दानेश्वरी नायक, महेंद्र वर्मा सहित स्वजाति उपस्थित रहे।

शराब पर कांग्रेस की जितनी ढपली उतने राग, बहानेबाजी छोड़कर नीति स्पष्ट करें सरकार : लक्ष्मी

भटगांव/नवप्रदेश। पार्षद लक्ष्मी साहू ने कहा है कि मातृशक्ति के प्रति बहानेबाजी छोड़कर भूपेश बघेल सरकार दो टूक फैसला लेते हुए तत्काल स्पष्ट करें कि शराबबंदी लागू करने के लिए उसकी नीति क्या है। तीन साल से एक फैसले को टरकाने की राजनीति की जा रही है। इस बीच शराब की खपत बढ़ गई। कोरोना सेस के नाम पर करीब 400 करोड़ की अतिरिक्त वसूली कर ली गई। स्वास्थ्य पर एक धेला भी खर्च नहीं किया गया। शराब पीने की लत का एक नई पीढ़ी भी शिकार हो गई लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कमेटीबाजी दिखा रहे हैं। वे यह घोषणा करें कि किस तारीख से शराबबंदी लागू करने वाले हैं

अथवा शराब हाथ में लेकर ऐलान कर दें कि हमें माफ कर दें, हम शराब नहीं छोड़ सकते। इसकी कमाई से ही हम सरकार चला रहे हैं नहीं तो छत्तीसगढ़ को तो हम गिरबी रख ही चुके हैं।

भटगाव और बिलाईगढ़ तहसील में कामकाज रहा ठप

भटगांव/नवप्रदेश। भटगाव और बिलाईगढ़ के राजस्व विभाग में काम काज बंद है। काम काज बंद रहने की वजह से बाहर से आए आम जनता को राजस्व संबंधी काम कराने को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ा। नायब तहसीलदार व तहसीलदार के दफ्तरों में ताला लटका हुआ है जिससे राजस्व विभाग का काम ठप है। दरअसल, रायगढ़ तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार, कर्मचारी व भृत्य से मारपीट की घटना सामने आयी थी। इसके विरोध में छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले बलौदाबाजार में सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और उनके अधीनस्थ सभी कर्मचारियों द्वारा आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसीलिए बिलाईगढ़ और भटगांव के राजस्व दफ्तरों में काम बंद कलम बंद के तहत ताला लटका हुआ है और राजस्व काम काज पूरी तरह ठप्प है। जिससे क्षेत्र के आम जनता राजस्व सम्बंधित काम को लेकर दफ्तरों के इर्द गिर्द चक्कर काटते नजर आए।

नि: शुल्क ई-श्रम कार्ड शिविर का आयोजन वार्ड 11 में

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत सरकार का यह लक्ष्य है कि कम से कम देश में करीब 38 करोड़ श्रमिक इस योजना से जुड़कर इस योजना का लाभ सकें। इस योजना में सरकार श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड की सुविधा भी देती हैं। असंठित क्षेत्र के कामगारों के लिए केंद्र सरकार ने इस साल अगस्त माह में ई-श्रम पोर्टल लॉन्च किया। इससे असंगठित क्षेत्र के करीब 38 करोड़ कामगारों को फायदा होगा। इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले कामगार को एक ई-श्रम कार्ड जारी किया जाएगा। इस कार्ड की मदद से रजिस्टर्ड कामगार देश में कहीं भी, कभी भी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। इसके अलावा फ्री दुर्घटना बीमा की मदद भी है। ई-श्रम पोर्टल पर कामगारों के रजिस्ट्रेशन के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। असंगठित क्षेत्र के कामगारों में निर्माण मजदूरों के अलावा प्रवासी श्रमिक, रेहड़ी-पटरी वाले और घरेलू कामगार आदि शामिल हैं। ई-श्रम कार्ड में 12 अंकों का यूनिवर्सल अकाउंट नंबर यानी यूएएन रहेगा। ये कार्ड पूरे देश में हर जगह वैध रहेगा। यूएएन नंबर एक स्थायी नंबर होगा अर्थात एक बार प्रदान किए जाने के बाद, यह कामगार के लिए अपरिवर्तित रहेगा। ई-श्रम कार्ड जीवन भर के लिए मान्य है। लिहाजा इसके रिन्युअल की कोई आवश्यकता नहीं है। श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए कई अन्य संगठनों ने भी लगातार प्रयास अपने स्तर पर कर रहे हैं। इसी बीच बेमेतरा वार्ड 11 के पार्षद नीतू कोठारी ने अपने अथक प्रयासों से अपने वार्ड में ऑपरेटरों के माध्यम से निशुल्क ई श्रम कार्ड हेतु शिविर लगावा रहे हैं। जिसमें वार्ड की ही नहीं अपितु पूरे नगरवासियों का निशुल्क कार्ड बनाया जा रहा हैं। बेमेतरा वार्ड 11 के पार्षद नीतू कोठारी ने बताया कि वार्डवासियों के हित व योजना के लाभ के लिए यह शिविर निशुल्क लगाया गया हैं, जिसमें वार्ड 11 के साथ साथ नगर के लोगों का भी हिस्सेदारी हो रही हैं।

जर्जर पहुंच मार्ग निर्माण के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खुर्सीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर तथा सेमहरा के ग्रामीणों ने विधायक दलेश्वर साहू को आवेदन पत्र देकर गांव की प्रमुख समस्याओं विष्णुपुर-सेमहरा पहुंच मार्ग जर्जर, विष्णुपुर-सिरसाही तथा विष्णुपुर-गातापार कच्चे सड़क मार्ग से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया और जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की गई। इस दौरान विष्णुपुर निवासी भागवत वर्मा ने बताया कि इस समस्या से गांव के सभी वर्ग के लोग परेशान हो चुके है, यदि समस्या का समाधान जल्द से जल्द नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम के लिए तैयार बैठे है। इस दौरान भागवत वर्मा के साथ ग्राम पंचायत खुर्सीपार के सरपंच पारस वर्मा, रोहन वर्मा, योगेश वर्मा, अरूण वर्मा, जसवंत वर्मा विष्णुपुर, सेमहरा तथा खुर्सीपार के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

सीएम दे रहे आरक्षण और विधायक-महापौर लगा रहे पलीता

दुर्ग में मिल रही अगड़ों को तवज्जो, धंधे-पानी में भी मिलकर निपटाए जा रहे ओबीसी चेहरे

दुर्ग/नवप्रदेश। एक ओर जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ओबीसी वर्ग को विभिन्न योजनाओं में आरक्षण देकर उन्हें आगे बढ़ाने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर दुर्ग शहर के विधायक व महापौर मिल-जुलकर ओबीसी वर्ग को निपटाने में जुटे हैं। शहर की व्यवस्था भगवान भरोसे है और ये नेता व उनके समर्थक खुलकर बंदरबांट कर रहे हैं। नगर निगम के कामों में जिस तरह से विधायक अरूण वोरा के करीबी और परिजन हस्तक्षेप कर रहे हैं, उसके बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि निगम में डमी महापौर बिठाने की जरूरत क्या थी? कांग्रेस के ही अंदरखाने यह भी चर्चा है कि दुर्ग की राजनीति में अपना स्पर्धी पैदा नहीं होने देने वाले विधायक अरूण वोरा के लिए वर्तमान महापौर आखिरी कील साबित होंगे।

बिग बॉस बनने की महत्वाकांक्षा

विधायक अरूण वोरा ने सदैव यही प्रयास किया कि शहर में कोई नया नेतृत्व न उभर पाए। इस फेर वे लगातार ऐसे लोगों को दायित्व सौंपते रहे, जिनमें या तो काबिलियत नहीं थी या फिर सिर उठाने के माद्दे का अभाव था। बाद में मदन जैन जैसे काबिल कांग्रेसी को महापौर टिकट देने में आनाकानी की। नीलू ठाकुर जैसी अपेक्षाकृत कमजोर प्रत्याशी को उतारा। अब भी धीरज बाकलीवाल को महापौर बनवाया। संगठन में भी ऐसे ही लोगों को कमान सौंपी गई जो सिर न उठा सकें। वर्तमान में संगठन की गतिविधियां पूरी तरह ठंडी पड़ी है। दरअसल, विधायक वोरा चाहते ही नहीं कि शहर में कोई भी नेता आगे बढ़ पाए। हालात यह है कि उनकी शहर का बिग बॉस बनने की महत्वाकांक्षा खुद उनके राजनीतिक भविष्य को प्रभावित करने लगी है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के अधीन व्यवसाय करने हेतु भूखंड एवं अन्य सुविधाओं में 10% के आरक्षण की घोषणा की थी जिससे दबे-कुचले ओबीसी के लोग अपना व्यवसाय कर सके। आशय यह था कि इस वर्ग के लोग तेजी से बदलती व्यवस्था में पीछे न छूट जाएं। मुख्यमंत्री स्वयं पिछड़ा वर्ग से आते हैं और वे इस वर्ग की तकलीफों को भी बखूबी समझते हैं। शायद यही वजह है कि वे ओबीसी वर्ग को महत्व देकर बराबरी पर लाने में जुटे हैं, किन्तु उनकी कोशिशों को दुर्ग शहर के विधायक व महापौर पलीता लगा रहे हैं। दुर्ग में इस वर्ग के अधिकारों का न केवल हनन किया जा रहा है, बल्कि इस वर्ग से जुड़े अफसरों, व्यवसायियों, ठेकेदारों व नेताओं को आगे नहीं बढ़ने देने की नीति अपनाई जा रही है। जिस तरह से मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग को आगे लाने में जुटे हैं, ठीक उसी तर्ज पर विधायक वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल अगड़े वर्ग को सामने लाकर पिछड़े लोगों को पीछे धकेल रहे हैं।

सिर्फ वोट बैंक की चिंता

पिछले कुछ समय से दुर्ग में पिछड़ा वर्ग की राजनीति करने वालों का वर्चस्व बढ़ा है। ऐसे में विधायक वोरा की चिंता बढ़ना भी स्वाभाविक है, क्योंकि दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र पिछड़ा वर्ग बाहूल्य है और वे स्वयं सामान्य वर्ग से आते हैं। दरअसल, विधायक यह बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं कि कांग्रेस का ही एक धड़ा उन्हें चुनौती देने की लिए तैयार बैठा है। यही वजह है कि वे लगातार और हर काम का श्रेय स्वयं लेने में जुटे रहते हैं। शहर में काम चाहे कौड़ी का न हो, किन्तु घोषणा-वीर विधायक बड़ी-बड़ी बातें करने में कदापि पीछे नहीं रहते। वे यह देखते कि विकास कार्यों को करवाने के लिए बजट भी उपलब्ध है या नहीं। राजनीति में उतरने के बाद से अब तक उन्होंने सिर्फ वोट बैंक की चिंता की है। उन्हें यह क्यों नहीं दिखता कि जिस इंदिरा मार्केट क्षेत्र को सुव्यवस्थित और साफसुथरा करने के लिए पूर्ववर्ती महापौरों ने रात-दिन एक कर दिया, आज वहां से दुपहिया लेकर निकलना भी दूभर हो गया है। इन अतिक्रमणकारियों को हटाने की बजाए वे ऐसे लोगों को लगातार प्रश्रय देते रहे हैं। जबकि इंदिरा मार्केट क्षेत्र शहर का आईना है। कांग्रेस की आयरन लेडी इंदिरा गांधी का प्रतिमा स्थल यदि अपनी दुरावस्था पर रो रहा है तो इसके लिए वोट बैंक की राजनीति और अतिक्रमणकारियों को प्रश्रय देने की विधायक की सोच ही जिम्मेदार हैं।

गंजपारा से बांटे जा रहे निगम के ठेके

नगर निगम में कांग्रेस की सत्ता आने के बाद से हालात इस कदर बदल गए हैं कि निगम के टेंडर गंजपारा क्षेत्र के एक दफ्तर से बांटे जा रहे हैं। यह दफ्तर विधायक अरूण वोरा के पुत्र का बताया जाता है। जानकारी के मुताबिक, गंजपारा के इसी दफ्तर से तय किया जाता है कि किसे, कितना काम देना है। टेंडर की इस प्रक्रिया में खूब लेन-देन होने की भी खबरें है। टेंडर की प्रक्रिया बंद लिफाफे में अंजाम दी जाती है, लेकिन यहां कांग्रेस की सत्ता आने के बाद यह पहले से ही तय कर लिया जाता है कि किसके नाम का टेंडर खोलना है। कुछ महीनों पहले विधायक अरूण वोरा के करीबी पीडब्ल्यूडी प्रभारी अब्दुल गनी की मौजूदगी में ठेकेदारों की बैठक लेकर उन्हें टेंडर बांटने का निम्न स्तरीय खेल भी हो चुका है। बताया जाता है कि अरूण वोरा के पुत्र अपने गंजपारा स्थित दफ्तर से निगम के करीब 50 फीसदी टेंडर उन लोगों को बांटते हैं, जिनमें बहुधा अगड़ा वर्ग के लोग शामिल हैं। कमोबेश ऐसा ही बाकी बचे करीब 50 फीसदी टेंडरों के साथ भी किया जाता है। यह बाकी बचे टेंडर महापौर व एमआईसी के चुनिंदा लोगों के हिस्से आते हैं। वर्तमान में महापौर के कई करीबी लोग अपना काम धंधा छोड़कर ठेकेदारी में कूद चुके हैं। इनमें कई राईस मिलर्स भी शामिल है। गौरतलब है कि पूर्व में महापौर धीरज बाकलीवाल राईस मिल एसोसिएशन से जुड़े रहे हैं।

साधारण सभा की बैठक 23 को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक 23 फरवरी को आयोजित की गई है। बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे शुरू होगी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिए जारी दिशा-निर्देशों एवं प्रोटोकॉल का पालन करते हुए साधारण सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सहकारिता विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं कृषि विभाग की विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं चर्चा की जाएगी।

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 23 को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 23 फरवरी को आयोजित की गई है। बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिए जारी दिशा-निर्देशों एवं प्रोटोकॉल का पालन करते हुए साधारण सभा की बैठक आयोजित की जाएगी।

निलंबित एडीजी जीपी सिंह की 14 दिनों तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

रायपुर/नवप्रदेश। निलंबित एडीजी जीपी सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल, जीपी सिंह की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है।

सोमवार को जीपी सिंह की जमानत पर हाईकोर्ट बिलासपुर में सुनवाई हुई। बता दें कि जीपी सिंह आय से अधिक संपत्ति के मामले में पिछले एक महीने से जेल में बंद है।अब इस मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। सोमवार को जीपी सिंह के परिजनों ने जेल में मुलाकात करने और वरिष्ठ चिकित्सकों से जांच करवाने की मांग की गई। दोनों आवेदनों पर कोर्ट ने परिजनों को जेल में मुलाकात करने की इजाजत दे दी है।

कोरबा कलेक्टर-डीएफओ विवाद, सीएम के संज्ञान में आया मामला

■ **विधायक सीएम से मिलेंगे, अकबर ने की अफसरों से चर्चा**

रायपुर/नवप्रदेश। कोरबा कलेक्टर रानू साहू और कटघोरा डीएफओ के बीच तनातनी के मामले को सीएम भूपेश बघेल ने संज्ञान में लिया है। दोनों अफसरों के बीच विवाद में जिले के विधायक भी कूद गए हैं और वे सीएम से मिलकर वन क्षेत्र में निर्माण कार्य में दिक्कतों पर अपनी बातें रखेंगे। इससे परे वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कोरबा में विवाद पर आला अफसरों के साथ बैठक की है।

एक लव्य आवासीय विद्यालय और खेल मैदान कटघोरा वन मंडल से 6 हेक्टेयर जमीन आबंटन के मसले पिछले दिनों पर कलेक्टर रानू साहू और डीएफओ शमा फारूकी आपस में भिड़ गए। डीएफओ ने नियमों का हवाला देकर जमीन देने से मना कर दिया था। इस पर कलेक्टर ने उन्हें जमकर फटकार भी लगाई।

बताया गया कि वन क्षेत्रों में जन उपयोगी कार्यों के लिए जमीन के डायवर्सन के अधिकार कलेक्टर और डीएफओ की समिति को दिए गए हैं। कटघोरा वन मंडल क्षेत्र में डायवर्सन नहीं होने के कारण कई निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे हैं। कहा जा रहा है कि डीएफओ की अडंगेबाजी के कारण निर्माण कार्य रूका हुआ है।

कलेक्टर पहले भी इसको लेकर अलग-अलग स्तरों पर शिकायत कर चुकी है। जबकि डीएफओ की तरफ से कलेक्टर पर बेवजह दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है। इससे परे वन मंत्री मोहम्मद अकब र ने सोमवार को इस पूरे विवाद पर प्रमुख सचिव मनोज पिंगुवा और पीसीसीएफ प्रशासन राकेश चतुर्वेदी के साथ बैठक की है। उन्होंने वस्तु स्थिति की जानकारी ली है। दूसरी तरफ सीएम भूपेश बघेल ने भी प्रकरण को संज्ञान में लिया है। कहा जा रहा है कि वे यूपी से लौटकर इस पर कोई कड़ा फैसला ले सकते हैं। यही नहीं, कटघोरा और पालीतानाखार के विधायक भी इस पूरे विवाद पर कूद गए हैं। वे सीएम से मिलकर अपनी बात रखेंगे।

यूपी से छत्तीसगढ़ आ रही बस कवर्धा में पलटी, 1 यात्री की मौत, 15 घायल

कवर्धा/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से यात्रियों को लेकर छत्तीसगढ़ आ रही एक बस कवर्धा में पलट गई। हादसे में 1 यात्री की मौके पर मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल छह लोगों को कवर्धा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा नेशनल हाईवे 12 रायपुर-जबलपुर मार्ग में कुकदूर के पास हुआ है। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई थी। राहगीरों व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा जिले के पंडरिया थाना क्षेत्र के कुकदूर के पास हादसा हुआ है। प्रयागराज से यात्रियों को लेकर बस क्रमांक एमपी 18 पी

0383 बेमेतरा के लिए रवानी हुई थी। प्रयागराज से छत्तीसगढ़ के यात्रियों को लेकर पहुंची बस कवर्धा से रवाना ही हुई थी कि पंडरिया ब्लॉक के कुकदुर मार्ग पर हनुमत खोल के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के पलटते ही अंदर मौजूद यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। हादसे की वजह बस की रफ्तार अधिक होना बताया जा रहा है।

सवार थे 60 यात्री, छह गंभीर

राहगीरों व स्थानीय लोगों की मदद से बस के अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। हादसे के समय बस में करीब 60 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। एक यात्री के बस के नीचे आने से मौत होना बताया जा रहा है, वहीं 15 यात्री घायल हुए हैं, जिसमें की हालत गंभी है। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को कवर्धा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस सड़क दुर्घटना पर अपराध दर्ज कर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

बेटी की शिक्षा के लिए जमा किए पैसा दो सालों से भुगतान पाने भटक रहे

कांकेर/नवप्रदेश। बेटी की अच्छी शिक्षा के सपने संजोकर सहारा इंडिया बैंक में रोजाना पैसे एजेंट को देकर बच्चे के भविष्य निधि को पूरा करने की तमन्ना थी। इसके अलावा बेटी के हाथ पीले करने के लिए अपनी रोजाना की कमाई से जमा किए 10 हजार रूपए को फिक्सड़ कर अपनी बिटियां की खुशियों को पूरा करने की चाहत अधूरी रह गई है। सहारा इंडिया बैंक में कांकेर महादेव वॉर्ड के निवासी शेख हनीफ नदी के किनारे स्थित पालिका की गुमटी लाइन में गैस वेल्डिंग का कार्य कर अपना भरण पोषण करते हैं। सहारा इंडिया के एजेंट ने लोक लुभावने सपने दिखाकर 28 जनवरी 2019 को 10 हजार रूपए को एक साल के लिए फि क्स डिपाजिट करा दिया गया। एक साल यानी 28 अगस्त 2020 को 10 हजार रूपए ब्याज के साथ वापस किया जाना था। लेकिन दो साल बाद भी शेख हनीफ को उसका भुगतान सहारा इंडिया बैंक दारा अब तक नहीं किया गया है। इसके अलावा रोजाना अपनी गाढ़ी कमाई का 50 रूपए प्रतिदिन एजेंट को एक साल तक दिया गया। प्रतिदिन 50 रूपए का भुगतान एक साल बाद 18 हजार रुपए देने का वादा किया गया था। लेकिन समय के बावजूद रोजमर्रा जीवन यापन करने वाले गैस वेल्डिंग हनीफ को उसका भुगतान नही किया गया। समय पूर्ण होने के बाद भुगतान नही मिलने पर पीड़ित ने लगातार एजेंट व सहारा इंडिया बैंक के सैकड़ों चक्कर लगाकर एजेंट से लेकर सहारा इंडिया के कर्मचारियों तक भुगतान के लिए गुहार लगाई। लेकिन आज कल महीने का बहाना बनाकर

पीड़ित को आज पर्यन्त तक भुगतान नहीं किया गया। हताश परेशान पीड़ित रकम दिलाने अब कांकेर विधायक, संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी, कलेक्टर चंदन कुमार सहित पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर न्याय दिलाने की मांग की बात कही गई है। शेख हनीफ सहारा इंडिया के जमाकर्ता पीड़ित ने बताया की मैंने 2018--2019 ने सहारा इंडिया में 10 हजार फिक्स और रोजाना 50 रूपपे का खाता खुलवाया था। सहारा इंडिया एजेंट पवन कुमार ने एक साल बाद फि क्स और रोजाना पैसे जमा करने वाले खाता किलियर हो जाएगा और पैसे मिल जाएंगे। लेकिन अभी तक मेरे पैसे नही मिले है। भुगतान दिलाने विधायक कलेक्टर पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कड़ी कार्यवाही की मांग की जाएगी।

राजिम माघी पुन्नी मेला को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

आज शाम 5 बजे तक तैयारियां पूरी करने के दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में माघ पूर्णिमा 16 फरवरी से आयोजित होने वाले 15 दिवसीय राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मेले से संबंधित सभी व्यवस्थाएं मंगलवार की शाम 5 बजे तक सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर जेआर चौरसिया मौजूद थे। समीक्षा के दौरान मुख्य मंच के समीप एक वृहद डोम में प्रतिदिन

विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा व सम्बंधित विभागीय हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। उक्त आयोजन में विभागीय मंत्री भी शामिल होंगे। कलेक्टर ने विभाग द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार सम्पूर्ण तैयारियों समय पूर्व करने के निर्देश दिये। इसके अलावा विभागों की 15 दिवसीय स्टाल लगेगा। यह प्रदर्शनी थीम आधारित होगी। सभी स्टॉल का कार्य मंगलवार शाम तक पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के मरम्मत और अस्थाई निर्माण तथा टेंट और बेरिकेड्स संबंधी समीक्षा की गई। इसी तरह पीएचई विभाग के अधिकारी को प्याऊ और पेयजल पाईप लाइन की सम्पूर्ण व्यवस्था समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने सौंपे गये कार्यो को तत्परतापूर्वक करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आयोजन के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से चर्चा की। प्रतिदिन होने वाले विभागीय कार्यक्रमों के बारे भी निर्देश दिए।

राजिम मेले में स्थानीय कलाकारों की होगी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

■ **पंथी, पंडवानी, भरथरी सहित पद्मश्री डॉ. ममता चन्द्राकर की प्रस्तुति होंगे मुख्य आकर्षण**

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम माघी पुन्नी मेला 2022 के मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायकों और कलाकारों द्वारा राज्य के पारंपरिक कला एवं सांस्कृतिक और छत्तीसगढ़वासियों के मन में रचे-बसे कार्यक्रमों की प्रतिदिन प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम के पहले दिन 16 फ रवरी को शाम 6 बजे से रात्रि 7.30 बजे तक पंडवानी गायिका उषा बारले तथा रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक दिलीप षंढ़गी द्वारा प्रस्तुति से मेला की रंगारंग शुरूआत होगी। इसी तरह 01

मार्च महाशिवरात्रि तक प्रत्येक दिन तीन कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 17 फरवरी को लोक प्रयाग राजिम तथा दिनेश जांगड़े द्वारा पंथी और महेश वर्मा द्वारा लोकमंच की प्रस्तुति दी जायेगी। तीसरे दिन 18 फ रवरी को प्रसिद्ध भरथरी गायिका रजनी रजक, पंडवानी गायिका ऋ तु वर्मा और भिलाई के रिखी क्षत्रीय द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। 19 फ रवरी को लोक मंच, लोक सृजन तथा सुप्रसिद्ध गायिका छाया चन्द्राकर प्रस्तुति देंगे। 20 फ र वरी को पंडवानी गायिका प्रभा यादव और गोपी चंदा तथा गोरेलाल बर्मन की प्रस्तुति होगी। 21 फ रवरी को टिकेन्द्र वर्मा के लोकमंच तथा पूनम विराट प्रस्तुति देंगे। 22 फ रवरी पंडवानी गायक चेतन देवांगन, भरथरी गायिका रेखा जलक्षत्री तथा खरोरा के चन्द्रभूषण वर्मा, 23 फ रवरी को पद्मश्री आर.एस. बारले द्वारा पंथी नृत्य तथा दुर्ग के राग अनुराग, 24 फ रवरी को पप्पु चन्द्राकर के लोकमंच एवं अनुराग धारा के माध्यम से कविता वासनिक प्रस्तुति देंगे। 25 फ रवरी को लोक सरगम हिम्मत सिन्हा, अमृता बारले के भरथरी तथा दीपक चन्द्राकर के लोकरंग अर्जुन्दा की प्रस्तुति होगी। 26 फ रवरी को लोकमंच कचरा-बोदरा एवं कोरिया के सुनील मानिकपुरी मुख्य आकर्षण होंगे। 27 फ रवरी को शिवा जांगड़े के लोकमंच और चंदैनी गोंदा, 28 फरवरी को मीना साहू द्वारा पंडवानी, यशवंत डहरिया द्वारा पंथी एवं रायपुर के अनुराग शर्मा द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम के समापन दिवस पर पद्मश्री डॉ. ममता चन्द्राकर द्वारा तथा तरूण निषाद के लोकमंच कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

रैंप पर कैटवॉक करने उतरे ट्रांसजेंडर, आदिवासी कला-संस्कृति में बिखेरा जलवा

■ **समाज कल्याण विभाग ने ट्रांसजेंडर्स को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने किया अनूठा आयोजन**

जगदलपुर/नवप्रदेश। तृतीय लिंग के व्यक्तियों (ट्रांसजेंडर्स) के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने और जागरूकता लाने नक्सल प्रभावित वनांचल बस्तर संभाग में अनूठा फैशन शो आयोजित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा चेतना फाउंडेशन के सहयोग से जगदलपुर के आर्ट गैलरी में शनिवार शाम आयोजित इस कार्यक्रम में कांकेर, कोण्डागांव और बस्तर के 32 ट्रांसजेंडर्स शामिल हुए। उन्होंने बस्तर की संस्कृति, परिधान और आभूषणों को प्रदर्शित करते हुए उत्साह से रैम्प वॉक किया। इस अवसर पर ट्रांसजेंडर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। आयोजन ने समाज से कटे रहने वाले किन्नर समाज को लोगो से घुलने-मिलने और समावेशित होने का अच्छा अवसर प्रदान किया।

प्रदर्शन के साथ ट्रांसजेन्डर्स का रैम्प वॉक

जिला प्रशासन की ओर से रैम्प वॉक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः तीन, दो और एक हजार रूपए के साथ कई वॉउचर्स दिए गए। इस दौरान तृतीय लिंग के व्यक्तियों को पहचान पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में महापौर, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

इस आयोजन से किन्नर समाज उत्साहित

बस्तर किन्नर समाज की अध्यक्ष रजनी यादव ने कहा कि किन्नर समाज को बढ़ते देखकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। पहले किन्नरों को हीन भावना से देखा जाता था। धीरे-धीरे किन्नरों को बराबरी का दर्जा प्राप्त हो रहा है। फैशन शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से किन्नर समाज बहुत खुश और उत्साहित है।

किन्नर समाज को लेकर आएगी जागरूकता

समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक सुश्री वैशाली मरड़वार ने बताया कि तृतीय लिंग के व्यक्तियों को खुद को समाज का हिस्सा समझना जरूरी है। समाज का हिस्सा बनाने के लिए उन्हें एक बड़ा प्लेटफ ार्म देना जरूरी था, इसलिए विभाग ने उनके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में किन्नर समाज को लेकर जागरूकता आएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए कलागुड़ी का उद्घाटन किया था। यहां ढोकरा, बेल मेटल, टेराकोटा, काष्ठ के विभिन्न शिल्प को प्रदर्शित किया गया है। फैशन शो में ट्रांसजेंडर्स ने कलागुड़ी के आभूषणों और परिधानों के माध्यम से आदिवासी कला और संस्कृति को बढ़ाने का काम भी किया है।